रजिस्ट्री सं० डी--(डीएन)--128/90

REGISTERED NO. D--(DN)--128/90

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 28, 1990 (वैशाख 8, 1912)

No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 28, 1990 (VAISAKHA 8, 1912)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I--खण्ड 1--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों, संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	327
भाग I--खण्ड 2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	479
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं .	—
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं .	553
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II--खण्ड 1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) . . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II--खण्ड--3--उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . .	*
भाग III--खण्ड 1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	421
भाग III--खण्ड 2--पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	417
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . .	1613
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . .	57
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक . .	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

1--31 GI/90

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	327
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	479
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . .	—
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	553
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 1 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	421
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office relating to Patents and Designs	427
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1513
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	57
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 अप्रैल 1990

सं. 25-प्रेज/90—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री रंजीत सिंह,
निरीक्षक सं. 620140276,
41वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

11 दिसम्बर, 1988 को तरन-तारन के पुलिस अधीक्षक (प्रचालन) को सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस स्टेशन पट्टी के तहत ग्राम तलवंडी के शोभा सिंह के एक फार्म हाउस में कुछ आतंकवादी छुपे हुए हैं। 12 दिसम्बर, 1988 को प्रातः संदिग्ध स्थान की छानबीन करने और छापा मारने की योजना बनाई गई। पुलिस अधीक्षक (प्रचालन) ने स्थानीय पुलिस के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 41वीं बटालियन की "सी" कम्पनी की दो टुकड़ियां एकत्र कीं। दो टुकड़ियों का नेतृत्व निरीक्षक रंजीत सिंह ने किया और "सी" कम्पनी की प्लाटून का नेतृत्व एक अन्य निरीक्षक ने किया।

बल ने पहले श्री जागीर सिंह के फार्म हाउस की तलाशी ली परन्तु वहां कुछ नहीं मिला। इसके बाद वे श्री गुरबचन सिंह के फार्म हाउस पर गए, जिसमें अर्ध-पक्की छत वाले दो कमरे बने हुए थे और पूरे परिसर के चारों ओर एक मिट्टी की दीवार बनी हुई थी। जैसे ही दल फार्म हाउस के समीप पहुंचा तो वहां फार्म हाउस के अंदर ट्यूबवेल से एक व्यक्ति आवासीय कमरों की ओर भागता हुआ देखा गया और उसने आतंकवादियों को सचेत कर दिया। आतंकवादियों ने ए. के. 47 राइफलों से पुलिस बल पर गोलियां चलानी आरम्भ कर दीं। श्री रंजीत सिंह ने एक लांस नायक को अपनी एल. एम. जी. को फार्म हाउस के पूर्व की ओर चलाने के लिए तैयार रखने को कहा जिससे कि आतंकवादी समीप के गन्ने के खेतों में भाग न सकें। उन्होंने एक अन्य कान्स्टेबल को दरवाजे की ओर लगातार गोली चलाते रहने के लिए तैनात किया ताकि कोई भी आतंकवादी कमरों से बाहर न निकल सके। श्री रंजीत सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए बड़ी फुर्ती और साहस के साथ अपने साथियों को तैनात किया।

कुछ समय के लिए गोलाबारी रोक दी गई ताकि घर के मासूम लोग गोलाबारी में न मारे जाएं। घर के लोगों को बाहर आने और आत्मसमर्पण करने को कहा गया, जिसका उन्होंने पालन किया। उस परिवार में दो पुरुष, दो स्त्रियां और तीन बच्चे थे जो घर से बाहर निकल आए। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि कमरों में हथियारों से अच्छी तरह से लैस दो आतंकवादी हैं। स्वयं को बता सिंह का पोता बताने वाला एक आतंकवादी भी बाहर आया। पूछताछ करने पर उस ने कबूल किया कि वह आतंकवादी किक्कर सिंह है।

दोनों ओर से गोला-बारी होती रही परन्तु वह बेकार साबित हुई क्योंकि आतंकवादी अंदर कमरों में मोर्चा संभाले हुए थे। श्री रंजीत सिंह छत पर चढ़ गए और उन्होंने घर के एक दरवाजे से एक हथगोला फेंका। आतंकवादियों ने श्री रंजीत सिंह पर भीषण गोला-बारी की। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना रंजीत सिंह ने दूसरे दरवाजे से एक और हथगोला अंदर फेंक दिया। इसके बाद आतंकवादियों ने दोनों दरवाजे बंद कर दिए।

श्री रंजीत सिंह ने आतंकवादियों की नई रणनीति पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए छत में एक छिद्र किया और सफलतापूर्वक हथगोले अंदर फेंके। किन्तु कुछ देर बाद आतंकवादियों ने पुनः गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस बात का पता लगा कि दोनों कमरे अन्दर से दरवाजे से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, अतः जब एक कमरे में हथगोला फेंका जाता था तो आतंकवादी दूसरे कमरे में चले जाते थे। श्री रंजीत सिंह ने एक हेड कान्स्टेबल को छत पर चढ़कर दूसरे कमरे की छत में भी छिद्र करने का आदेश दिया। श्री रंजीत सिंह और हेड कान्स्टेबल दोनों छिद्रों से रुक-रुक कर हथगोले अन्दर फेंकने लगे ताकि दोनों छिपे हुए आतंकवादी किसी एक कमरे में घिर जाएं। कुछ समय के बाद कमरों में गोला-बारी बंद हो गई। गोला-बारी की आड़ में श्री रंजीत सिंह ने एस. एच. ओ. बलतोहा के साथ बड़ी दिलेरी के साथ रेंगते हुए खिड़की से अंदर झांककर देखने पर पाया कि अन्दर किसी प्रकार की गतिविधि नहीं थी। श्री रंजीत सिंह अदम्य साहस का परिचय देते हुए कमरे में कूद पड़े और आतंकवादियों को मारने के उद्देश्य से, जो शायद मरे हुए होने का बहाना कर रहे हों, अपनी स्टेनगन से गोलियों की बौछार करने लगे। एस. एच. ओ. बलतोहा भी उनके पीछे-पीछे वहां पहुंचे। इसी तरह उन्होंने दूसरे कमरे की भी छानबीन की और दोनों आतंकवादियों को मरा हुआ पाया।

दोनों आतंकवादियों की बाद में अमृतसर के रतन सिंह और महिला सिंह उर्फ रेखा के रूप में पहचान की गई।

इस मुठभेड़ में श्री रंजीत सिंह, पुलिस निरीक्षक, ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 दिसम्बर, 1988 से दिया जाएगा।

सं. 26-प्रेज/90—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री चन्द्र पाल सिंह,
लान्स नायक नं. 701510873,
65वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री सौदान सिंह,
कान्स्टेबल नं. 800652925,
65वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

श्री एल. बी. स्वामी,
कान्स्टेबल नं. 850800087,
65वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

16 मई, 1989 को लगभग दिन के 3.00 बजे पंजाब के एक सहायक उप-निरीक्षक, 1 नायक, श्री चन्द्रपाल सिंह, लान्स नायक, श्री सौदान सिंह तथा श्री एल. बी. स्वामी, कान्स्टेबलों और एक कान्स्टेबलों/ड्राइवर सहित, हैड कान्स्टेबल के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 65वीं बटालियन का एक गश्ती दल थाना सदर, मोगा के क्षेत्र में गश्त लगाने के लिए गया। जब गश्ती दल फिरोजपुर की ओर दगरू रेलवे-रोड चौराहे से एक किलोमीटर दूर लुधियाना-फिरोजपुर रोड पर था तो उन्होंने एक तिपहिया देखा जिसमें केवल एक सवारी बैठा था। गश्ती दल को यह संदेह हुआ कि इस व्यस्त समय में जब अन्य तिपहिये यात्रियों से खचाखच भरे हुए आ-जा रहे थे तो विशेष तिपहिये में केवल दो ही व्यक्ति क्यों यात्रा कर रहे थे।

जीप को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने के बाद गश्ती दल ने उस तिपहिये को रोका और उनके बारे में पूछताछ की। उनमें से एक ने अचानक अपनी पिस्तौल निकाली और पुलिस दल पर गोली चलायी। लान्स नायक चन्द्रपाल सिंह ने कान्स्टेबल सौदान सिंह और कान्स्टेबल एल. बी. स्वामी के साथ आतंकवादियों पर एक साथ गोली चलायी। श्री चन्द्रपाल सिंह द्वारा चलाई गई एक गोली आतंकवादी के पेट के समीप उसके दाहिने जांघ पर लगी। कान्स्टेबल सौदान सिंह ने तुरन्त कार्रवाई की और उनके द्वारा चलाई गई पहली गोली आतंकवादी की दाहिने हाथ में लगी जिसमें उसने पिस्तौल पकड़ी हुई थी। उसके साथ ही कान्स्टेबल एल. बी. स्वामी द्वारा चलाई गई एक गोली आतंकवादी के बाएं हाथ में लगी, जिससे उसने पिस्तौल पकड़ी हुई थी। इन तीनों अफसरों द्वारा सही निशाना लगाने के परिणामस्वरूप आतंकवादी जमीन पर गिर पड़ा और घटना स्थल पर ही मारा गया। तथापि दूसरा आतंकवादी घनी झाड़ियों की आड़ में भागने में सफल हो गया। मृतक आतंकवादी की बाद में शिनाख्त होने पर पता चला कि वह पक्खिया कलन का अमरीक सिंह उर्फ लल्ली था।

इस मुठभेड़ में श्री चन्द्रपाल सिंह, लान्स नायक, श्री सौदान सिंह, कान्स्टेबल और श्री एल. बी. स्वामी, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 16 मई, 1989 से दिया जाएगा।

सं. 27-प्रेज/90—राष्ट्रपति केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

(मरणोपरान्त)

श्री वीरेन्द्र सिंह नेगी,
कान्स्टेबल सं. 850795558,
30वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

6 दिसम्बर, 1988 को रात के लगभग 8.00 बजे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 30वीं बटालियन के पुलिस उप-अधीक्षक अपनी दो टुकड़ियों और गढ़शंकर के एस. एच. ओ. और उसके दल के साथ तीन जीपों में (कान्स्टेबल वीरेन्द्र सिंह नेगी सहित) गश्त के लिए निकले। रास्ते में गढ़शंकर के एस. एच. ओ. को वायरलेस द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दौलतपुर गांव के बाहरी भाग के एक मकान में संदिग्ध उग्रवादी ठहरे हुए हैं। रात के लगभग 9.30 बजे गांव के निकट पहुंचने पर पुलिस दल दो भागों में बंट गया। आतंकवादियों के बचकर भागने के प्रयास को रोकने के उद्देश्य से पुलिस के एक दल ने बाईं ओर से और दूसरे दल ने दाईं ओर से घर को घेर लिया। भाग निकलने के सभी रास्तों की नाकाबंदी करने के बाद गढ़शंकर के एस. एच. ओ. ने घर के मुख्य द्वार को खटखटाया और इसके साथ-साथ पोजीशन संभाली तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पुलिस उप-अधीक्षक ने घर के प्रवेश द्वार को खटखटाया। घर के अंदर से उत्तर मिलने पर पुलिस दल ने द्वार खोलने के लिए कहा यह सुनकर घर के अन्दर की बत्तियां बंद कर दी गईं और संदिग्ध गतिविधियों की आवाज सुनाई दी। इस पर कान्स्टेबल बीरेन्दर सिंह नेगी और एक अन्य कान्स्टेबल को संदेह हो गया और वे तुरन्त छत पर चढ़ गए। जहां से वे दोनों (कान्स्टेबल) अहाते की दीवार पर चढ़े थे वहां पर आतंकवादियों ने घर की छत पर से अचानक एक गोला फेंक दिया। गोला फेंकने के बाद दोनों आतंकवादी दौड़ कर गांव की ओर जाने वाली गली में कूद गये। कान्स्टेबल नेगी उनके पीछे ही गली में कूद पड़े और उनमें से एक (आतंकवादी) के साथ जूझ गए। दूसरे आतंकवादी ने कान्स्टेबल नेगी की ओर एक गोला फेंका जो कान्स्टेबल नेगी की छाती में बाईं तरफ लगा। इससे कान्स्टेबल नेगी की उस वक्त पर पकड़ ढीली हो गई, और वह उनकी पकड़ से छूट गया। दोनों आतंकवादी दो अलग-अलग दिशाओं की ओर भाग गए। गोली से घायल होने पर भी कान्स्टेबल नेगी ने अपनी एस. एल. आर से आतंकवादी पर गोली चलाई, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादी गली में गिर गया। अन्य पुलिस कार्मिकों ने भी उग्रवादी पर गोलियां चलाईं परन्तु वह अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। गोला-बारी रुकने पर जब उस क्षेत्र की छानबीन की गई तो कान्स्टेबल नेगी को मृत पाया गया। जो आतंकवादी गली में गिर गया था, वह भी मृत

पाया गया। उसकी बाद में गांव महतपुर के जसविन्दर सिंह के रूप में शिनाख्त की गई।

इस मुठभेड़ में श्री बीरेन्द्र सिंह नगी, कान्स्टेबल ने उत्कृष्ट वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्त्तव्य परायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 6 दिसम्बर, 1988 से दिया जाएगा।

दिनांक 26 जनवरी 1990

सं. 28-प्रेज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी अति असाधारण विशिष्ट सेवा के लिए "परम विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट जनरल गुरिन्दर सिंह (आई सी-6123), अ.वि.से.मे., कवचित कोर।
2. लेफ्टिनेंट जनरल फरिदून नोशीर बिलिमोरिया (आई सी–6403), इन्फेन्ट्री।
3. लेफ्टिनेंट जनरल हनुत सिंह (आई सी-6126) महावीर चक्र, कवचित कोर।
4. लेफ्टिनेंट जनरल गुरदयाल सिंह ग्रेवाल (आई सी–7013), कवचित कोर।
5. लेफ्टिनेंट जनरल विजय सिंह (आई सी-7034, कवचित कोर।
6. लेफ्टिनेंट जनरल जगमोहन सिंह रावत (आई सी–6616), वि.से.मे., इन्फैन्ट्री।
7. लेफ्टिनेंट जनरल कुलदीप सिंह लजूरिया (आई सी–6715), कवचित कोर।
8. लेफ्टिनेंट जनरल गोरख नाथ (आई सी–6529), अ.वि.से.मे. सेना सेवा कोर।
9. लेफ्टिनेंट जनरल नरेश पाल सिंह बल (आई सी–7616), इन्फैन्ट्री।
10. लेफ्टिनेंट जनरल सूरज प्रकाश (एम आर-0660), सेना चिकित्सा कोर।
11. लेफ्टिनेंट जनरल राम कुमार गौड़ (आई सी-6730), इन्फैन्ट्री।
12. लेफ्टिनेंट जनरल हरबन्स लाल (आई सी–6945), वि.से.मे., विद्युत एवं यांत्रिक इन्जीनियर्स (सेवा-निवृत)।
13. मेजर जनरल विनोद बधवार (आई सी–6701), वि.से.मे., इन्फैन्ट्री।
14. वाइस एडमिरल सुरेन्द्र प्रकाश गोविल, अ.वि.से.मे., (00165–जेड)।
15. वाइस एडमिरल हीथवुड जानसन, वि.से.मे (00179–एफ)।
16. एयर मार्शल हर कृष्ण ओबेराय, अ.वि.से.मे., वा मे (4583) उड़ान (पायलट)।
17. एयर मार्शल राज कुमार नेहरा, वि.से.मे. (4518) वैमानिकी इन्जीनियरी (यांत्रिक)।
18. एयर मार्शल बृजेश धरजयाल, अ.वि.से.मे. वा मे और बार (4972) उड़ान (पायलट)।
19. एयर मार्शल गन्धर्व सेन, अ.वि.से.मे, वा मे (4429) उड़ान (पायलट) (सेवा निवृत)।

सं. 29-प्रेज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण सेवा के लिए "अति विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट जनरल अजब सिंह भल्लर (आई सी–6125), विद्युत एवं यांत्रिक इन्जीनियर्स।
2. मेजर जनरल अनन्त भानु गोरथी (आई सी–8620), वि.से.मे. जज एडवोकेट जनरल का डिपार्टमेंट।
3. मेजर जनरल ज्ञान सिंह बम (आई सी–7019), सिगनल।
4. मेजर जनरल रवि आईप (आई सी–11566), इन्फैन्ट्री।
5. मेजर जनरल मोहिन्दर जीत सिंह छतवाल (आई सी–7904), इन्फैन्ट्री (सेवानिवृत्त)।
6. मेजर जनरल जगजीत सिंह हरे (आई सी–6765), आर्टिलरी (सेवा निवृत्त)।
7. मेजर जनरल बेंगप्पा सेमुअल (आई सी–7827), इन्फैन्ट्री (मरणोपरान्त)।
8. मेजर जनरल ज्वालेश्वरी प्रसाद (आई सी–7375), सेना सेवा कोर (मरणोपरान्त)।
9. ब्रिगेडियर फारूक प्रेमरोज कोवास्जी बुलसारा (आई सी–13234), इन्फैन्ट्री।
10. ब्रिगेडियर भूपाल सिंह मलिक (आई सी–13198), इन्फैन्ट्री।
11. ब्रिगेडियर पालांडे काशीनाथ मानाजीराव (आई सी–13539), इन्फैन्ट्री।
12. ब्रिगेडियर मोहन लाल सपरा (एम आर–994), वि.से.मे., सेना चिकित्सा कोर।
13. रियर एडमिरल प्रकाश नारायण गौड़ (50036–टी)।
14. रियर एडमिरल अविनाश चन्द्र भाटिया (60066-एन)।
15. रियर एडमिरल सौरीराजलू रामसागर, वीर चक्र, नौसेना मेडल (00379–के)।
16. रियर एडमिरल केकी पेस्टोनजी, नौसेना मेडल (00398–बी)।
17. कमोडोर सुरिन्द्र सिंह बाबा (40127-वाई)।
18. कमोडोर रामलाल गुलशन कुमार (00451–जेड)।
19. कमांडोर रविन्द्र सिक्का (00484-जेड)।
20. कैप्टन माधवेन्द्र सिंह (00502–आर), भारतीय नौसेना।
21. एयर वाइस मार्शल सुधीर राजाराम करकरे (5083) उड़ान (नेविगेटर)।

22. एयर वाइस मार्शल रणजीत सिंह बेदी, वा मे (5120) उड़ान (पायलट)।

23. एयर कमोडोर सतीश कुमार सरीन, वा.मे. (5370) उड़ान (पायलट)।

24. एयर कमोडोर अजय कुमार बृहमावार, वा. मे. (5858) उड़ान (पायलट)।

25. एयर कमोडोर सुभाष चन्द्र मदान, वि.से.मे. (5965) वैमानिकी इन्जीनियरी (इलैक्ट्रानिकी)।

26. एयर कमोडोर चित्त रंजन घोष, वा.मे. (6141) उड़ान (पायलट)।

27. एयर कमोडोर लारंस एलासियस कौजिज, वा.मे. (5280) उड़ान (पायलट) (सेवानिवृत्त)।

28. ग्रुप कैप्टन शाम राज, वि.से.मे. (6200) लेखा।

29. ग्रुप कैप्टन अमर जीत सिंह सोढ़ी (6388) वैमानिकी इन्जीनियरी (यांत्रिक)।

30. ग्रुप कैप्टन चित्तातूर दोरेस्वामी चन्द्रशेखर, वा.मे. (8426) उड़ान (पायलट)।

संख्या 30-प्रेज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिक को उसकी असाधारण सेवा के लिए "अति विशिष्ट सेवा मेडल का बार" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

ब्रिगेडियर सतीश चन्द्र कश्यप (आई सी–11691), अ.वि.से.मे.। 11 गढ़वाल राइफल्स

सं. 31-प्रेज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी असाधारण विशिष्ट सेवा के लिए "उत्तम युद्ध सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. मेजर जनरल जमील महमूद (आई सी–8517), आर्टिलरी।

2. ब्रिगेडियर सुमेर राम, (आई सी–12840), वि से मे, इन्फैन्ट्री।

3. ब्रिगेडियर कमल धारी सिन्हा (आई सी–12959), इन्फैन्ट्री।

4. ब्रिगेडियर लागानाथन रंगानाथन (आई सी–12899), मैकेनाइज्ड इन्फैन्ट्री।

5. ब्रिगेडियर शिवाजी श्रीपति पाटिल (आई सी–13799), इन्फैन्ट्री।

6. ब्रिगेडियर दिनेश सिंह चौहान (आई सी–13951), इन्फैन्ट्री।

7. कमोडोर सुशील कुमार, नौसेना मेडल (00449–डब्ल्यू)।

सं. 32-प्रेज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्ति को उसकी उत्कृष्ट वीरता के लिए "महावीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

सैकण्ड लैफ्टिनेंट राजीव सन्धु (एस.एस.–33343), 7 असम, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार का प्रभावी तिथि . 19 जुलाई, 1988)

श्रीलंका में 19 जुलाई, 1988 को सैकण्ड लैफ्टिनेंट राजीव सन्धु राशन लाने के लिए दो वाहनों को लेकर मद्रास केनी कुलम से मगानी जा रहे थे। अचानक उनकी जीप पर विद्रोहियों ने राकेटों, ए के.–47 और 7.62 राइफलों से हमला कर दिया। हमले में वे गम्भीर रूप से घायल हो गए एक राकेट की सीधी मार से उनकी दोनों टांगें कट गई और वे पूरी तरह से अपाहिज हो गए। उनकी टांगों से खून की धाराएं बह रही थी परन्तु फिर भी अपनी 9 मिलीमीटर की कारबाइन के साथ वे लडखडाते हुए जीप से बाहर आए और रेंगकर एक मोर्चे पर पहुंच गए। यह समझकर कि वाहन में सभी लोग मारे गए हैं एक विद्रोही अपने छुपे हुए स्थान से बाहर निकलकर हथियार और गोला-बारूद उठाने के लिए जीप के पास पहुंचा। परन्तु, सैकण्ड लैफ्टिनेंट राजीव संधु अभी जीवित थे। दोनों टांगें पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो जाने और गोलियों से शरीर छलनी हो जाने के बावजूद उन्होंने रक्त रंजित हाथों से अपनी कारबाइन उठाई और विद्रोही पर गोलियां बरसा कर उसे मार गिराया। बाद में शिनाख्त करने पर पता चला कि मारा गया वह विद्रोही बट्टिकलोबा क्षेत्र के विद्रोही नेता करूणा के दल का सदस्य कुमारन था।

सैकण्ड लैफ्टिनेंट राजीव सन्धु ने अपने हताहत साथियों और उनके हथियारों के पास तक पहुंचने के विद्रोहियों के सभी प्रयास विफल कर दिए और अदम्य साहस का परिचय देते हुए भारतीय सेना की उच्च परम्परा के अनुरूप अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

सं. 33-प्रेज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी वीरता के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1 फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटान् गुरू (1674), उडान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि . 26 अक्तूबर, 1987)

फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटानु गुरू जब परिवर्तन प्रशिक्षण ले रहे थे तब ही इन्हें श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के वायुसेना घटक में अक्तूबर के सबसे पहले बेडे में शामिल किया गया। 26 अक्तूबर, 1987 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटानु गुरू ने जाफना करैटिवु सेतुक पर चलने वाली उग्रवादियों की गाडियों को ढूंढ कर नष्ट करने के लिए जाफना से बाहर के एक मिशन पर उडान भरी। सेतुक पर पांच गाडियां दिखाई पडी जो करैटिवु की ओर भाग रही थी। फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटानु गुरू ने अचूक निशाने और प्रशंसनीय धैर्य से इन गाडियों को नष्ट किया और इन गाडियों में सवार सभी उग्रवादियों को मार डाला।

तीन नवम्बर, 1987 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटानु गुरू पैरा रेजिमेन्ट की एक कमांडो कम्पनियन के निकट हवाई सहायता मिशन पर थे। कमांडो उग्रवादियों से घिरे हुए थे और उन पर स्वचालित शस्त्रों से भारी गोलाबारी की जा रही थी। इन्होंने पैरा कमांडो परिधि पर उग्रवादियों के ठिकानों पर हमला किया। उग्रवादियों के ये ठिकाने मित्र सेनाओं से तीन

सौ मीटर के भीतर थे । उग्रवादियों ने पथदर्शक गोलाबारी का इस्तेमाल करते हुए स्वचालित हथियारों से वायुयान को उलझा कर उस पर गोला दागा । जमीनी गोलाबारी की बौछार के बावजूद फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटान गुरु ने उग्रवादियों पर हमला किया । इनकी कार्रवाई के कारण उग्रवादियों को अपने मोर्चों से पीछे हटना पडा । फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटान गुरु द्वारा उग्रवादियों के ठिकानों पर निश्चित आक्रमण करके हवाई सहायता दिए जाने के बल पर ही पैरा कमांडो इस लडाई को जीत सके ।

सात दिसम्बर, 1987 को मलैटिव क्षेत्र में पैरा रेजिमेंट की एक कमांडो बटालियन की मदद करने के लिए फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटान गुरु खोज और नष्ट करने के मिशन पर उडे । उग्रवादी एक ट्रैक्टर से उतरे और उन्होंने वायुयान पर गोलाबारी आरम्भ कर दी । अपनी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह न करते हुए फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटान गुरु ने तेजी से सही निशाना ले कर जवाबी फायर किया और उग्रवादियों को गया उन्हें खामोश कर दिया । बाद में उग्रवादियों के रेडियो सन्देशों को रोक कर सुनने से पता चला कि इस विध्वंसक गोलाबारी में ट्रैक्टर ध्वस्त हो गया था और कई उग्रवादी मारे गए और घायल हुए ।

15 दिसम्बर, 1987 को जब मलैटिव क्षेत्र में गढ़वाल राइफल्स की एक बटालियन से मुकाबले के लिए कुमक ले जा रही एक उग्रवादी गाडी पर हमला किया गया तभी उग्रवादियों ने गोलाबारी आरम्भ कर दी जिससे वायुयान का मुख्य रोटर ब्लेड क्षतिग्रस्त हो गया । इसके और उग्रवादियों की भारी गोलाबारी के बावजूद, फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटान गुरु ने जवाबी फायर किया और उस गाडी को नष्ट कर दिया ।

इस प्रकार फ्लाइट लेफ्टिनेंट अटान गुरु ने भारतीय शांति सेना की स्थल सेनाओं की मदद के लिए किए गए कई मिशनों में अपनी उत्कृष्ट बहादुरी का प्रदर्शन किया ।

2 विंग कमांडर कृष्ण कुमार यादव (12032), उडान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 9 नवम्बर, 1987)

नौ नवम्बर, 1987 की रात को 23 30 बजे विंग कमांडर कृष्ण कुमार यादव, जो कि जाफना में हेलिकाप्टर ऑपरेशन्स के टास्क फोर्स कमांडर थे, एक डिवीजन कमांडर द्वारा एक आपातकालिक मिशन का बीडा उठाने के लिए बुलाए गए, जिसमें सर्वप्रथम, उग्रवादियों के एक गढ को निष्क्रिय करने के लिए एक पैरा बटालियन के 180 कमांडो उतारे जाने थे । गुरिल्ला सामरिक युद्ध पद्धति और भू-स्थिति को समझते हुए विंग कमांडर यादव ने स्थिति का समझदारी से जायजा लिया और पहले सीमित सैनिकों को लेकर एक अकेले विमान से उस अवपातन क्षेत्र की ओर उडे, ताकि बिना रक्षकों वाली विशाल हेलीवाहित सेना को अपने लक्ष्य पर पहुंचने से पहले ही सम्भावित जमीनी गोलाबारी से नष्ट होने से बचाया जा सके । इनका ऐसा सोचना सही साबित हुआ । सेना के नीचे उतरते ही उग्रवादी गुरिल्ला ने हेलिकाप्टर पर भारी गोलाबारी आरम्भ कर दी और विंग कमांडर के विमान पर एक गोला फेंका । बहादुर और समर्पित नेता विंग कमांडर यादव ने अपने हेलिकाप्टर का नियंत्रण सम्भाला और उसे बेस पर सुरक्षित वापस ले आए । गुरिल्ला युद्ध-पद्धति में सक्रिय खतरों और पिछली उडान में दरपेश जबरदस्त जमीनी गोलाबारी की परवाह किए बिना प्रथम मिशन के तुरन्त बाद उन्होंने शेष दो सार्टियों का नेतृत्व किया और उस समय भी जमीनी गोलाबारी चालू रहने के बावजूद सभी 180 सैनिकों को निश्चित स्थान पर उतारने का काम पूरा किया ।

विंग कमांडर कृष्ण कुमार यादव ने उग्रवादियों के विरुद्ध अपनी बहादुरी, व्यवसायिकता और निःस्वार्थ कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

3 कैप्टन रविन्द्र सिंह चोपडा (आई सी -37083), मद्रास

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 21 अप्रैल, 1988)

श्रीलंका में 21 अप्रैल, 1988 को कैप्टन रविन्द्र सिंह चोपडा ने उडिथियरापुरम में विद्रोहियों को रोकने के लिए अपनी इच्छा से अपने कमांडिंग अफसर के साथ चलने की पहल की । जैसे ही वे अपनी दो प्लाटूनों के साथ नियत स्थान के पास पहुंचे उन पर विद्रोहियों ने गोलियां चला दीं । अपनी टुकडी का बचाव करने के लिए तथा विद्रोहियों के बच कर भागने या किसी भी प्रयास को सफल न होने देने के लिए कैप्टन चोपडा और उनकी टुकडी ने स्वचालित हथियारों से हो रही भीषण गोलाबारी के बीच बडी चतुराई एवं सूझबूझ के साथ विद्रोहियों के सामने अपना मोर्चा बना लिया । इन्होंने एक विद्रोही को सैन्य टुकडी पर गोलियां चलाते हुए देख लिया और फिर उसका निशाना बना कर उसे मार गिराया । इसी समय कमांडिंग अफसर को भी गोली लग गई और वे गिर पडे कैप्टन चोपडा उनकी ओर लपके परन्तु इस दौरान इनकी जांघ में तीन-चार गोलियां लग गईं, छाती में खरोंच आ गई और दाहिने हाथ में गोली लगने से इनका अंगूठा बुरी तरह जख्मी होकर हाथ से अलग हो गया । इनकी छाती में सामने की ओर दो छेद भी हो गए । इनके घावों के बावजूद ये अपने हथियार से फायर करते रहे और प्लाटून की कमान करते हुए उन्हें फायर करने और उनका संचालन करने के लिए निर्देश देते रहे । जब विद्रोहियों ने अचानक कार्रवाई बंद कर दी । कैप्टन रविन्द्र सिंह ने अपनी प्लाटूनों को पुनः संगठित किया और बेस की ओर चल पडे । यहां से इन्हें अस्पताल पहुंचाया गया ।

इस प्रकार कैप्टन रविन्द्र सिंह ने विद्रोहियों का सामना करते हुए अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया ।

4 4061833 राइफलमैन कुलदीप सिंह, 11 गढ़वाल राइफल्स, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 24 मई, 1988)

24 मई, 1988 को 11 गढ़वाल राइफल्स की एक कम्पनी को, जिसमें राइफलमैन कुलदीप सिंह लाइट मशीनगन पर नंबर एक गनर के रूप में कार्य कर रहे थे, श्री लंका में आलमपिल के दक्षिणी और के जंगलों में विद्रोहियों को खोजने और उनका सफाया करने का काम सौंपा गया था । इस इलाके में एक दिन पहले बडी संख्या में छुपे हुए विद्रोहियों का पता लगाया था । उसका सेक्शन सामने और दाहिने ओर से विद्रोहियों की भारी गोलाबारी की चपेट में आ गया । विद्रोहियों द्वारा प्रारम्भ में की गई भीषण गोलाबारी में लाइट मशीनगन का नम्बर 2 गनर मारा गया । अपने साथी सिपाही के मारे जाने के बाद भी राइफलमैन कुलदीप सिंह ने काफी समय तक विद्रोहियों का मुकाबला किया । अपने कुछ और साथियों को अपने सामने घायल पडा हुआ देखकर उन्होंने स्थिति की गम्भीरता को समझा और विद्रोहियों की भीषण गोलाबारी के बीच राइफलमैन कुलदीप सिंह ने अपने एक साथी को अपनी पीठ पर लाद कर और दूसरे एक

साथी को सहारा देकर प्लाटून मुख्यालय पहुंचा दिया । बिना कोई समय गंवाए वह अपने मोर्चे पर वापस आए और देखा कि दाहिनी ओर विद्रोही और अधिक भीषण गोलाबारी कर रहे हैं । उन्होंने तत्काल अपना मोर्चा बदलकर विद्रोहियों का मुकाबला करना शुरू कर दिया । यद्यपि विद्रोहियों का सामना कर रहे अकेले राइफलमैन कुलदीप सिंह पर वे आसानी से विजय प्राप्त कर सकते थे, परन्तु राइफलमैन कुलदीप सिंह ने दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया । अन्तत: विद्रोहियों द्वारा की जा रही गोलियों की वर्षा के दौरान एक गोली उनके सिर में आ लगी । इस प्रकार मारे जाने तक राइफलमैन कुलदीप सिंह ने अपने मोर्चे को बड़ी बहादुरी और वीरता से संभाले रखा ।

राइफलमैन कुलदीप सिंह ने विद्रोहियों का मुकाबला करते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया ।

5 फ्लाइट लेफ्टिनेंट मानवेन्द्र सिंह (16983), उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 26 जून, 1988)

एक मार्च, 1988 से फ्लाइट लेफ्टिनेंट मानवेन्द्र सिंह सक्रिया हेलिकाप्टर यूनिट में तैनात हैं । फ्लाइट लेफ्टिनेंट मान्वेन्द्र सिंह को सियाचिन ग्लेशियर के दुर्गम क्षेत्र में, जहां उनके हेलिपैड पर, 2000 से भी अधिक संक्रियात्मा मिशनों तथा 1000 से अधिक मार्टियों को सफलतापूर्वक ले जाने का श्रेय प्राप्त है । 26 जून, 1988 से 21 अगस्त, 1988 के बीच, आठ अलग-अलग मौकों पर, सियाचिन ग्लेशियर के तीन भिन्न-भिन्न हेलपैडों पर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट मानवेन्द्र सिंह ने दुश्मन के छोटे हथियारों और आर्टिलरी से निरन्तर गोलाबारी की चुनौतियों का भी मुकाबला किया । इन्होंने इस विकट स्थिति का ही बार असाधारण साहस बुद्धिमत्ता और बहादुरी से मुकाबला किया । पहले से मौजूद खतरों से भली भांति वाकिफ होने के बावजूद एक समर्पित सैनिक के रूप में इन्होंने सदैव ही ऐसे मिशनों को पूरा किया । उनकी बहादुरी का यह आचरण उनकी यूनिट के सभी कार्मिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है । इसके अलावा इन्होंने भारतीय वायुसेना की महान परम्पराओं को ऊंचा रखा ।

6. 4346957 नायक हवलदार विष्णु बहादुर थापा, 4 असम (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 2 जुलाई, 1988)

नायक हवलदार विष्णु बहादुर थापा 2-3 जुलाई, 1988 को श्रीलंका में विश्वमादु इलाके में तलाशी के दौरान एक सेक्शन की कमान कर रहे थे । जब उनका सेक्शन विश्वमादु इलाके की ओर जा रहा था, सेक्शन पर एके-47, जी-3 राइफलों और हथगोलों से भीषण हमला कर दिया । यह हमला इतना अचानक और भीषण था कि कोई भी जवाबी कार्रवाई करने से पूर्व सेक्शन के दो सदस्य घायल हो गए । इस हमले में हवलदार विष्णु बहादुर थापा को भी कई गोलियां लगने से वे घायल हो गए परन्तु गोलियों और छर्रों की वर्षा से विचलित हुए बिना वे आगे बढ़े और उन्होंने देखा कि 18-20 विद्रोही एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान पर मोर्चा बनाए हुए हैं तथा उनके सेक्शन पर फायरिंग कर रहे हैं । वे अपने सेक्शन का संचालन करते हुए उसे सुरक्षित स्थान पर ले गए और उन्होंने वहां से विद्रोहियों के हमले के जवाब में गोलियां चलानी शुरू कर दी । इस मुठभेड़ में उन्होंने स्वयं एक पेड़ के पीछे मोर्चा ले लिया और वहां से विद्रोहियों पर अचूक एवं घातक गोलाबारी की । उनके सेक्शन द्वारा की गई विध्वंसक फायरिंग ने विद्रोहियों के छक्के छुड़ा दिए और वे अपना मोर्चा छोड़कर भागने की तैयारी करते हुए नजर आने लगे । दोनों ओर से गोलाबारी के दौरान एक हथगोला फेंका गया जो हवा में फट गया और उससे नायक हवलदार थापा के सिर में गंभीर चोटें आईं । गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी वे विद्रोहियों पर फायर करते रहे और अन्तत: युद्ध करते हुए दम तोड़ दिया । बाद में उनके शव की जांच करने पर उनके शरीर पर गोलियों के 16 घाव मिले ।

नायक हवलदार विष्णु बहादुर थापा ने विद्रोहियों का सामना करते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया ।

7. 4356647 सिपाही रविकुमार देव बर्मा, 4 असम (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 3 जुलाई, 1988)

सिपाही रविकुमार देव बर्मा अपनी प्लाटून में एक राइफलमैन थे । उनकी प्लाटून को प्लाटून को श्रीलंका में विश्वमांडु नामक स्थान पर मल्लैतिवु-परान्थन मार्ग के दोनों ओर के इलाके में खोजकार्य करने का दायित्व सौंपा गया । 3 जुलाई, 1988 को जब उनकी प्लाटून अपने इस खोजकार्य में लगी हुई थी, इस पर ए. के. 47, जी -3 और हथगोलों से भीषण गोलाबारी शुरू हो गई । गोलाबारी इतनी भीषण थी कि इससे पहले कि जवाबी कार्रवाई के लिए प्लाटून उपयुक्त स्थान पर मोर्चा संभाल पाती, विद्रोहियों की गोली से 3 कार्मिक घायल हो गए और अस्थाई रूप से निशक्त हो गए । सिपाही रविकुमार देव बर्मा ने देखा कि विद्रोहियों की संख्या 18-20 है । वे तत्काल जमीन पर लेट गए और रेंगते हुए विद्रोहियों की ओर बढ़ने लगे । उनकी इस कार्रवाई से उसके अन्य साथी प्रेरणा पाकर उनका अनुसरण करने लगे । विद्रोहियों के बिल्कुल निकट पहुंचकर उन्होंने उन पर निडरतापूर्वक हमला कर दिया तथा एक विद्रोही को मार गिराया और दूसरे को घायल कर दिया । इस टुकड़ी द्वारा किए गए हमले से विद्रोहियों की हिम्मत टूट गई और वे अपने मोर्चे से बाहर निकलकर जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए । सिपाही बर्मा ने विद्रोहियों का पीछा शुरू कर दिया । परन्तु पीछा करते समय उनकी छाती में बाईं ओर ए. के. 47 राइफल की एक गोली आकर लगी । **बाद में इस बहादुर जवान को गोली लगने से हुए घाव के कारण मृत्यु हो गई ।**

सिपाही रविकुमार देव बर्मा ने विद्रोहियों का सामना करते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया ।

8. 2578762 हवलदार शनमुगा सुन्दरम्, 5 मद्रास

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 16 जुलाई, 1988)

16 जुलाई, 1988 को एक जूनियर कमीशन अफसर और 15 अन्य रैंक के कार्मिकों के एक मोबाइल गश्ती दल को श्रीलंका में पल्लाकम और टोलपुरम/वुलीपुरम इलाके में कुछ सशस्त्र विद्रोहियों के देखे जाने की खबर के आधार पर उन्हें मारने/पकड़ने के लिए भेजा गया । जब यह दल टोलपुरम स्थित विक्टोरिया कालेज के पास पहुंचा तो विद्रोहियों ने

इस दल पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी और दल के नेता सहित लगभग आधा दल गंभीर रूप से घायल हो गया। हवलदार शनमुगा सुन्दरम ने तत्काल दल का नेतृत्व संभाल लिया और अपने साथियों को वाहनों से बाहर आने और विद्रोहियों पर फायर करने का आदेश दे दिया। इस नान-कमीशन अफसर ने स्वयं एक दुकान के बरामदे में उपयुक्त स्थान पर मोर्चा संभाल लिया और विद्रोहियों पर कारगर ढंग से गोली चलानी शुरू कर दी। हवलदार सुन्दरम गंभीर रूप से घायल हो गए, परन्तु अपनी जान की सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपनी हिप से गोलियां चलाना जारी रखकर आगे बढ़ते हुए विद्रोहियों का अकेले मुकाबला करते रहे। अति विकट परिस्थितियों में इस असाधारण, साहसिक कार्रवाई के दौरान इन्होंने एक विद्रोही को मार दिया, जिसकी शिनाख्त करने पर वह टोलपरम का एरिया कमांडर पाया गया। इनके व्यक्तिगत उदाहरण से प्रोत्साहन एवं प्रेरणा पाकर दल के अन्य सदस्यों ने भी मोर्चा संभाल लिया और विद्रोहियों पर आक्रमण शुरू कर दिया। इस पर बाकी बचे विद्रोही घटनास्थल से भाग खड़े हुए।

हवलदार शनमुगा सुन्दरम ने विद्रोहियों का सामना करते हुए उच्च कोटि के साहस और वीरता का परिचय दिया।

9. 3376395 लांस नायक मोहिन्दर सिंह, 16 सिख (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 23 जुलाई, 1988)

23 जुलाई, 1988 को 16 सिख की ब्रावो और डेल्टा कम्पनियों को श्रीलंका में विद्रोहियों के ठिकानों का पता लगाने का काम सौंपा गया। लगभग 10.30 बजे विद्रोहियों ने 11 प्लाटून पर अत्याधिक गोलियां चलाईं। उसी समय डेल्टा कम्पनी पूर्व दिशा से नजदीक आने लगी। वे भी गोलियों की बौछारों की चपेट में आ गए। डेल्टा कम्पनी के कमांडर ने आक्रमण करने का निर्णय लिया। उधर विद्रोहियों की जी पी मशीनगन भीषण गोलीबारी सैन्य दल को बुरी तरह हताहत कर रही थी। लांस नायक मोहिन्दर सिंह लाइट मशीनगन नं. 1 ने झुककर बंकर पर गोलियां चलाईं। जब उन्होंने महसूस किया कि उनकी गोलियों का बहुत कम प्रभाव पड़ रहा है तो वे जी पी मशीनगन की ओर बढ़े और उसकी बैरल कब्जा कर लिया। यद्यपि वे भयंकर गोलाबारी का शिकार हो गए और उसी समय उनकी मृत्यु हो गयी, परन्तु उनके इस प्रयास ने विद्रोहियों की जी पी मशीनगन को शांत कर दिया क्योंकि विद्रोही मशीनगन चालक प्रहार होने की आशंका से भाग गया था। इससे एसाल्ट कम्पनी आगे बढ़ सकी और विद्रोहियों के छिपने के ठिकानों पर कब्जा कर सकी। उनके इस सर्वोच्च बलिदान से प्रेरित होकर उनके साथी बदला लेने के लिए बढ़े और शिविर पर कब्जा कर लिया।

इस प्रकार लांस नायक मोहिन्दर सिंह ने विद्रोहियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में उत्कृष्ट कोटि के साहस और पराक्रम का परिचय दिया।

10. जे सी (एन वाई ए) 13605991 नायब सूबेदार मदन लाल, 1 पैराशूट कमाण्डो, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 16 अगस्त, 1988)

नायब सूबेदार मदन लाल एक कमाडो दल के सदस्य थे, जिसे श्रीलंका में चेकमेट-4 संक्रिया के दौरान अलमपिल जंगल में विद्रोहियों की खोज और उनके ठिकानों को नष्ट करने का काम सौंपा गया था। यह संक्रिया 16 अगस्त, 1988 को शुरू की गई। नायब सूबेदार मदन लाल अपनी सैन्य टुकड़ी के साथ पीछे की ओर से अपनी टीम की सुरक्षा का काम संभाले हुए थे। उन्होंने दूर धमाके की आवाज सुनी। टीम कमाण्डर ने नायब सूबेदार से कहा कि 19 अन्य रैंक के कार्मिकों के साथ गश्त लगाकर धमाके की आवाज के बारे में पता लगाए। वहां से दाहिनी ओर 150 मीटर दूर जाने पर उन्हें अचानक विद्रोहियों का एक हरा टैंट दिखाई दिया। उन्हें टैंट के अन्दर कुछ हलचल महसूस हुई, वे शीघ्रतापूर्वक रेंगते हुए टैंट तक पहुंचे और साथ ही अपने साथियों को आदेश दे गए कि वे चारों ओर फैल जाएं। टैंट के पास पहुंच कर उन्होंने अपनी ए. के. 47 राइफल से दो गोलियां दाग दीं। परन्तु जब वे अपनी मैगजीन बदल रहे थे, उन पर एक साथ दो खंदकों से गोलियां बरसीं और वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। फिर भी उन्होंने अपनी दूसरी मैगजीन की गोलियां एक खाई की ओर चलाकर एक विद्रोही को मार गिराया। नायब सूबेदार मदन लाल ने गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण उसी दिन दम तोड़ दिया। इस कार्रवाई में तीन विद्रोही मारे गए और 6-7 विद्रोही घायल हो गए। इनमें से अधिकांश नायब सूबेदार मदन की गोलियों का निशाना बने थे।

नायब सूबेदार मदन लाल ने विद्रोहियों का सामना करते हुए उत्कृष्ट साहस और वीरता का परिचय दिया।

11. 2869189 हवलदार प्रेम कुमार चौहान, 5 राजपूताना राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 23 अगस्त, 1988)

23 अगस्त, 1988 को श्रीलंका में विद्रोहियों को पकड़ने के लिए सादा कपड़ों और सिविल वाहन का उपयोग करने की अपरम्परागत पद्धति अपनाई गई। श्रीलंका में वावुनिया मन्नार मार्ग पर हवलदार प्रेम कुमार चौहान ने चलते हुए वाहन से सशस्त्र विद्रोहियों पर फायर करके उनमें से एक को घायल कर दिया। उसके बाद वे चलते हुए वाहन से कूद पड़े और अन्य विद्रोहियों का पीछा शुरू कर दिया। ए. के. 47 राइफल से लैस एक विद्रोही के साथ आमने सामने मुठभेड़ में जब उसका अपना हथियार जाम हो गया तो वे विद्रोही के ऊपर झपट पड़े और संघर्ष करके विद्रोही को निहत्था कर दिया। विद्रोही से उसकी राइफल छीनने के बाद उसी छीनी गई ए. के. 47 राइफल से फायर करके उसे घायल कर दिया। इस मुठभेड़ में एक ए. के. 47 राइफल के अलावा भारी मात्रा में गोलाबारूद भी प्राप्त हुआ।

हवलदार प्रेम कुमार चौहान ने विद्रोहियों के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान उत्कृष्ट साहस एवं वीरता का परिचय दिया।

12. विंग कमांडर धीरेन्द्र नाथ सहाय (11590) उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 24 अगस्त, 1988)

24 अगस्त, 1988 को जब श्रीलंका में मितिककुलम के जंगलों में, इन्फैंट्री डिवीजन द्वारा "आपरेशन चैकमेट" का तीसरा चरण चलाया जा रहा था, विंग कमांडर धीरेन्द्र नाथ सहाय को 4×16-57 मि. मि. आर पी एस सहित आक्रमण भूमिका में स्टैंडबाई हेलिपैड पर तैयार रहने के लिए तैनात किया गया था। 7 ब्रिगेडों के टी ए सी मुख्यालय पर दुःसाहसपूर्ण हमले के दौरान उग्रवादियों ने एक ए ओ पी सेवक वायुयान उड़ा दिया तथा दूसरे को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने आर पी और स्वचालित शस्त्रों से मुख्यालय पर भी हमला करके उस स्थान पर मौजूद भारतीय शांति सेना की जमीनी फौज के जनरल अफसर कमांडिंग तथा थलसेना और वायुसेना के अन्य वरिष्ठ अफसरों का जीवन खतरे में डाल दिया। उग्रवादियों की धमकी भरे हमले के विरुद्ध विंग कमांडर डी एन सहाय को तुरन्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया। वे वायुयान से उड़े और 12 मिनट के रिकार्ड समय के

भीतर उस क्षेत्र में पहुंच गए। ये उग्रवादियों पर पिल पड़े और इन्होंने एक अन्य उड़ते हुए चेतक वायुयान के बताए अनुसार उस क्षेत्र पर राकेट दागे। इन्होंने इस हमले के खतरे को पूरी तरह निष्क्रिय किया और टी ए सी मुख्यालय और उस जगह मौजूद थलसेना और वायुसेना के वरिष्ठ कमांडरों की हिफाजत और सुरक्षा सुनिश्चित की। इसके द्वारा समय पर कार्रवाई किए जाने के कारण तीन उग्रवादियों के मारे जाने की खबर मिली और उसके बाद कोई नुकसान पहुंचाये बिना उग्रवादियों को वापिस हटना पड़ा।

इस प्रकार विंग कमांडर धीरेन्द्र नाथ सहाय ने उग्रवादियों के खिलाफ अनुकरणीय व्यावसायिक दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा, साहस और उच्च कोटि की बहादुरी का प्रदर्शन किया।

13. कैप्टन कवील अधिकारकुनैथ मोहन (आई सी-39681)

9 पैराशूट कमाण्डो

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 10 अक्तबर, 1988)

कैप्टन कवील अधिकारकुनैथ मोहन घात लगाकर हमला करने वाली एक पार्टी के कमाण्डर थे। इनकी पार्टी ने 10 अक्तबर, 1988 को श्रीलंका में ओमनतई क्षेत्र में सफलतापूर्वक घात लगाई। कैप्टन मोहन घात लगाकर तब तक बैठे रहे जब तक कि विद्रोही सामने नहीं आ गए। यद्यपि, इसमें पार्टी को भी खतरा था परन्तु इनकी अचानक कार्रवाई ने विद्रोहियों को पूरी तरह अचम्भे में डाल दिया और 13 विद्रोहियों को मार गिराया 2 को घायल कर दिया तथा उनसे 9 हथियार, 3 वाकी टाकी सेट और भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद किया। इन्होंने विद्रोहियों के बीच दस्तावेज भी अपने कब्जे में ले लिए जो विद्रोहियों के संदेशों को पकड़ने और समझाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुए।

इस प्रकार कैप्टन कवील अधिकारकुनैथ मोहन ने विद्रोहियों का मुकाबला करते हुए निर्णय लेने में उत्तम सूझबूझ, अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया।

14. 2464948 हवलदार रूप लाल,
3 पंजाब।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 2 नवम्बर, 1988)

हवलदार रूप लाल श्रीलंका में वावुनिया-मनकुलम मार्ग पर करकारयन कुलम नामक स्थान पर एक वाहन चैक पोस्ट के कमांडर थे। 2 नवंबर, 1988 को पांच और अन्य रैंक के कार्मिक भी चैक पोस्ट पर तैनात कर दिए गए। वाहन चैक पोस्ट पर 10—15 विद्रोहियों ने हमला कर दिया। ये विद्रोही एक सिविल वाहन में आए थे। विद्रोहियों ने वाहन के अन्दर से ही स्वचालित हथियारों से चैक पोस्ट पर गोलियों की वर्षा कर दी और ग्रेनेड फैंके, जिससे पांच कार्मिक घटनास्थल पर ही मारे गए और हवलदार रूप लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। विद्रोहियों ने तेजी के साथ मृत कार्मिकों के पास जाकर उनके हथियार अपने कब्जे में कर लिए तथा वाहन में भागने का प्रयास करने लगे। गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद हवलदार रूप लाल अपनी कारबाइन से फायर करते रहे और विद्रोहियों को बच कर भागने नहीं दिया। इन्होंने हथियार छीनने के लिए इनके पास आए दो विद्रोहियों को मार गिराया। इस कार्रवाई में इन्हें फिर गोली लग गई परन्तु इन्होंने मोर्चा नहीं छोड़ा और दो और विद्रोहियों को घायल कर दिया। इस बीच घटना स्थल पर और सैनिक पहुंच गए तथा चार और विद्रोही मारे गए, उनका वाहन नष्ट कर दिया गया तथा तीन हथियार कब्जे में कर लिए गए।

इस प्रकार हवलदार रूप लाल ने विद्रोहियों के विरुद्ध लड़ते हुए अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय दिया।

15. जे सी-98872 सूबेदार मारिया रस्सल,
5 मद्रास।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 26 नवम्बर, 1988)

सूबेदार मारिया रस्सल श्रीलंका में कराई नगर में तैनात 5 मद्रास रेजिमेंट की अल्फा कम्पनी के प्लाटून कमाण्डर थे। 26 नवम्बर, 1988 को गश्ती दल का नेतृत्व करते समय इस जूनियर कमीशन प्राप्त अफसर ने जब दो विद्रोहियों को रोका तब उन्होंने तत्काल गोलियां बरसानी शुरू कर दी। असाधारण साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय देते हुए सूबेदार मारिया रस्सल ने उनका जोरदार मुकाबला किया और क्षेत्र के दो खूंखार आतंकवादियों अर्थात् स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल इन्सूर और स्वयंभू मेजर सरी को अपने निशाने का शिकार बनाया। इन्होंने इस कार्रवाई के दौरान लगातार दृढ़ता और कुशल नेतृत्व का परिचय दिया तथा अपना कर्तव्य से भी आगे बढ़कर अकेले अपने दम पर काम को पूरा करते समय अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल परवाह नहीं की।

16 2768373 लांस हवलदार अरूण रामलिंग माली,
2 मराठा लाइट इंफेन्ट्री।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 27 दिसम्बर, 1988)

लांस हवलदार अरूण रामलिंग माली 27 दिसम्बर, 1988 को 3 साथियों के साथ श्रीलंका पुनोविमुनाई क्षेत्र में दस घरों की तलाशी ले रहे थे। तलाशी लेने का काम जारी था, अचानक समीप के एक घर में छुपे हुए विद्रोहियों ने स्वचालित हथियारों से हवलदार माली के तलाशी दल पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। तलाशी दल के पास केवल 2 ए के-47 राइफलें थीं। विद्रोहियों ने हवलदार माली के दल पर हथगोले फेंकने शुरू कर दिए और इस प्रकार वे बुरी तरह गोलाबारी के बीच फंस गए। हवलदार माली ने यह समझ लिया कि जब तक विद्रोहियों द्वारा की जा रही गोलीबारी को निष्फल नहीं किया जाएगा तब तक उनके पास में तलाशी ले रहे अन्य दलों के गंभीर रूप से हताहत होने की पूरी-पूरी संभावना बनी रहेगी। अतः बिना कोई समय गवाए और कम्पनी कमांडर के अनुदेशों की प्रतीक्षा किए, लांस हवलदार माली ने अपने दल को आदेश दिया कि वह उन्हें कवरिंग फायर दें और स्वयं रेंगते हुए मकान की ओर आगे बढ़ने लगे। जब वे मकान से लगभग 20 मीटर दूर रह गए तो अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उन्होंने उठकर मकान पर फायर करना शुरू कर दिया। उन्होंने अकेले ही मकान में छिपे चारों विद्रोहियों को मार गिराया और उनके कब्जे से दो ए- के-47 राइफलें 112 राउंड गोलियां तथा 5 मैगजीनें अपने कब्जे में ले ली।

लांस हवलदार अरूण रामलिंग ने विद्रोहियों का मुकाबला करते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया।

17. 3179188 सिपाही धाराजीत सिंह चहार,
4 जाट (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 13 जनवरी, 1989)

4 जाट रेजिमेंट के सिपाही धाराजीत सिंह चहार घात लगाकर आक्रमण करने वाले एक दल में शामिल थे। यह दल 13 जनवरी, 1989 को श्रीलंका में वावूनिया-मन्नार मार्ग के एक चौराहे पर विद्रोहियों पर घात लगाकर आक्रमण करने के लिए बैठा हुआ था।

लगभग 0850 बजे उन्होंने अप्रत्याशित दिशा की ओर से घने जंगल में से विद्रोहियों के एक दल को आगे की ओर बढ़ते हुए देखा। उन्होंने अपने दल को सावधान कर दिया और जब विद्रोही 10 मीटर दूर रह गए तो उन पर फायर शुरू कर दिया।

दोनों तरफ से गोलीबारी के दौरान उनके दल के सिपाही श्री चंद घायल हो गए। एक विद्रोही अपने निहत्थे साथी को अपना हथियार देकर सिपाही श्रीचंद से उनकी राइफल छीनने के लिए उनकी ओर लपका। यह देखकर सिपाही धाराजीत सिंह चहार ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की बिलकुल परवाह न करते हुए हथियार छीनने का प्रयास कर रहे विद्रोही के पेट में गोली मारकर उसे घायल कर दिया और उसके बाद उस आगे बढ़ने से रोकने के लिए वे उससे भिड़ पड़े और उन्होंने उसे मार गिराया। सिपाही चहार की इस वीरतापूर्ण एवं साहसिक कार्रवाई से उत्पन्न होने वाले खतरे को भांपते हुए एक अन्य विद्रोही ने उनके ऊपर घातक रूप से हमला कर दिया और इस हमले में सिपाही धाराजीत सिंह चहार मारे गए।

सिपाही धाराजीत सिंह चहार ने विद्रोहियों का सामना करते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया।

18. सैकण्ड लैफ्टिनेंट अमरदीप सिंह बेदी (एस.एस-33103)
इंजीनियरिंग।
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 18 जनवरी, 1989)

18 जनवरी, 1989 को सैकण्ड लैफ्टिनेंट अमरदीप सिंह बेदी ने श्रीलंका में एक लगून के समीपवर्ती जंगल विद्रोहियों की तलाश की कार्रवाई करने का निश्चय किया। उन्होंने 700 मीटर दूर कुछ विद्रोहियों को लैगून पार करते हुए देख लिया। विद्रोहियों के भागने के रास्ते को बन्द करने के लिए वे अपनी नाव को विद्रोहियों के नाव से काफी नजदीक ले गए। उन्होंने बचकर भाग रहे विद्रोहियों को ललकारा और उनमें से एक को मार दिया। तीन अन्य भी मारे गए अथवा घायल कर दिए गए। इस प्रकार उन्होंने विद्रोहियों के बचकर भागने के प्रयास को विफल कर दिया।

सैकण्ड लैफ्टिनेंट बेदी एक संकरी चैनल गुजर रहे थे और उनकी नौका किनारे से लगभग 70 गज की दूरी पर थी। वहां परलैगून पार करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे लगभग 10-15 विद्रोहियों के एक अन्य दल ने सैकण्ड लैफ्टिनेंट बेदी की नाव पर जनरल परपस मशीनगन के फायर सहित भीषण फायरिंग कर दी। दोनों ओर से गोलीबारी में सैकण्ड लैफ्टिनेंट अमरदीप बेदी और दो अन्य रैंक कार्मिकों को गोलियां लग गईं और वे मारे गए।

समस्त संक्रियात्मक कार्रवाई के दौरान सैकण्ड लैफ्टिनेंट बेदी ने पहल शक्ति अदम्य साहस नेतृत्व कौशल और कर्तव्य परायणता का परिचय दिया। उनके द्वारा बनाई गई योजना विद्रोहियों को जंगल के छोटे से इलाके तक सीमित रखने में सफलता मिली और उनकी शौर्यपूर्ण कार्रवाई ने विद्रोहियों को लैगून से होकर भागने से रोक दिया। इस कार्रवाई के दौरान उन्होंने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

19. 9082174 हवलदार स्वर्ण सिंह,
11 जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैन्टरी

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 2 फरवरी, 1989)

हवलदार स्वर्ण सिंह 11 जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैन्टरी की एक प्लाटून में नंबर 2 स्काउट थे। इनकी प्लाटून को रेल यातायात का चालू करने का काम सौंपा गया। 2 फरवरी, 1989 को लगभग 1015 बजे विद्रोहियों द्वारा किए गए फायर के दौरान नेतृत्व कर रहे स्काउट को गोली लग गई और वह मारा गया। प्लाटून कमांडर ने घात लगाकर बैठे विद्रोहियों पर आक्रमण करने का आदेश दिया। हवलदार स्वर्ण सिंह ने तत्काल धावा बोल दिया, परन्तु कटीले तारों की बाड़ पर चढ़ते समय ये लड़खड़ा गए और संतुलन बिगड़ गया तथा उनकी राइफल नीचे गिर पड़ी। उसी समय इन्होंने अपने आपको एक विद्रोही के सामने पाया जो अपनी ए. के. 47 राइफल से इनकी ओर निशाना बांध रहा था। हवलदार स्वर्ण सिंह असाधारण सूझ बूझ और विवेक का परिचय देते हुए खाली हाथ ही विद्रोही पर टूट पड़े। इन्होंने विद्रोही की राइफल छीन कर उसे वहीं ढेर कर दिया।

हवलदार स्वर्ण सिंह की इस शौर्यपूर्ण कार्रवाई के परिणामस्वरूप कई विद्रोही मारे गए और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

20. 5750333 लांस नायक कुमार सिंह गुरूंग,
6/8 गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 2 मार्च, 1989)

6/8 गोरखा राइफल की एक कम्पनी को विद्रोहियों के ठिकानों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने का काम सौंपा गया था। 2 मार्च, 1989 को श्रीलंका के वनोई सेक्टर के नयारू लागू के जनरल एरिया में विद्रोहियों से इस कम्पनी की मुठभेड़ हुई यह झड़प शुरू में गोलाबारी से शुरू और बाद में लम्बी लड़ाई में बदल गई जो 24 घंटे चली। 6/8 गोरखा राइफल के लांस नायक कुमार गुरूंग कम्पनी कमांडर के रेडियो आपरेटर थे। वे अपनी पार्टी सहित लगभग 100 से 150 विद्रोहियों के बीच घिर गए थे। रेडियो स्टेशन पर तैनाती के दौरान लांस नायक गुरूंग के हाथ पर गोली लगी फिर भी वे न केवल अपनी ड्यूटी करते रहे अपितु उन्होंने तीन चार विद्रोहियों को मार गिराया।

लांस नायक कुमार सिंह गुरूंग ने भी अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना बहादुरी से मोर्चा संभाला और उत्कृष्ट कोटि का व्यक्तिगत उदाहरण पेश किया। अन्त में वे विद्रोहियों द्वारा बहुत नजदीक से चलाई गई गोलियों के शिकार हो गए और इस प्रकार उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।

21. 13746410 नायक सुखदेव सिंह
9 पैराशूट कमांडो। (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 4 मार्च, 1989)

नायक सुखदेव सिंह श्रीलंका में 1 ट्रप उल्फा टीम के एक नम्बर के राकेट लांचर थे। 4 मार्च, 1989 को इसे लगभग 150 उग्रवादियों के एक शक्तिशाली कैम्प की गोलीबारी का सामना करना पड़ा। भारी गोलीबारी के बीच नायक सुखदेव सिंह ने अपना राकेट लांचर लगाया और राकेट दागने शुरू कर दिए।

वे बारूदी सुरंग से जख्मी हो गए थे, फिर भी अपने राकेट लांचर से उन्होंने आग बरसाना जारी रखा और अपनी टीम पर हमला करने तथा उसे घेरने के लिए उद्यत उग्रवादियों को आगे बढ़ने से रोक रखा। लगभग 90 मिनट तक उन्होंने फायर जारी रखा लेकिन इसी बीच सिर में चोट लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें वहां से हटा लिया गया। बाद में 13 मार्च, 1989 को इस घाव के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

नायक सुखदेव सिंह ने उग्रवादियों के विरूद्ध कार्यवाई में उत्कृष्ट कोटि का साहस, बहादुरी तथा धीरता का परिचय दिया।

22. 4062451 लांस नायक जंगबीर सिंह,
4 गढ़वाल राइफल्स (मरणोपरान्त)
(पुरस्कार को प्राभवी2ा:903ऽ

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 22 मार्च, 1989)

लांस नायक जंगबीर सिंह इको कम्पनी 4 गढ़वाल राइफल्स की नम्बर 14 के प्लाटून के साथ लाइट मशीन गन नम्बर 1 की ड्यूटी पर थे। कम्पनी को उत्तरी क्वीनिया क्षेत्र (श्रीलंका) के नयारू लागून एरिया में विद्रोहियों के शिविर की ओर बढ़ने, उससे सम्पर्क करने और उसे हटाने का काम सौंपा गया। 22 मार्च, 1989 को कम्पनी की मुख्य प्लाटून ने विद्रोहियों से सम्पर्क किया। भारी गोलीबारी होने के कारण प्लाटून के बहुत से सैनिक हताहत हुए। इस समय नं. 14 प्लाटून के लांस नायक जंगबीर सिंह को दक्षिणी बाजू की ओर बढ़ने का काम सौंपा गया। उन्हें यह आदेश मिला कि वे अपनी टुकड़ी को लगभग 30 मीटर की दूरी पर ले जाए और विद्रोहियों का सामना करें ताकि शेष प्लाटून को सुरक्षित क्षेत्र में ले जाया जा सके। भारी गोलाबारी के बीच निश्चित स्थल पर पहुंचने के दौरान लांस नायक जंगबीर सिंह को दक्षिणी बाजू की ओर बढ़ने का काम सौंपा प्रकार वे अकेले वहां पहुंचे। इस बात का ध्यान न रखते हुए कि वे अकेले हैं, उन्होंने विद्रोहियों का सामना किया और बराबर ठीक निशाने पर गोलियां चलाते रहे। उनकी गोलियों से प्लाटून कमांडर ने फिर संतुलन संभाल लिया और सम्पर्क क्षेत्र के पीछे लगभग 30 मीटर पर अपनी प्लाटून को तैनात किया। परन्तु लांस-नायक जंगबीर सिंह स्वचालित हथियारों की भीषण गोला-बारी में फंस गए और उनपर एक आर पी एफ रॉकेट फटने से उनके कंधों पर चोट आयी।

अकेला होने तथा गम्भीर दबाव और दर्द के बावजूद नायक जंगबीर सिंह ठीक निशाने पर गोलियां चलाते रहे। इसी बीच लांस नायक जंगबीर सिंह को बचाने के लिए प्लाटून हवलदार वहां पहुंच गए परन्तु विद्रोहियों की गोली लगने से उसी समय उनकी मृत्यु हो गई।

लांस नायक जंगबीर सिंह ने विद्रोहियों का मुकाबला करते समय उत्कृष्ट साहस और पराक्रम का परिचय दिया।

23. 13612851 नायक रणजीत सिंह,
5 पैरा (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 अप्रैल, 1989)

पकड़े गए एक दुर्दान्त आतंकवादी से प्राप्त सूचना के आधार पर 8 अप्रैल, 1989 को 10 सशस्त्र आतंकवादियों के एक दल को समाप्त करने के लिए छापा मारा गया था। नायक रणजीत सिंह छापा मारने के लिए विशेष रूप से चुने गए दल में शामिल थे। जैसे ही यह छापामार दल एक घर के पास पहुंचा इस पर स्वचालित हथियारों से भीषण गोलाबारी शुरू हो गई जिसके जवाब में तत्काल छापामार दल ने भी गोली चलानी शुरू कर दी।

यह पता चलने पर कि आतंकवादी उत्तर की ओर भागने की कोशिश में हैं, छापामार दल को दो दलों में बांट दिया गया। नायक रणजीत सिंह ने देखा कि दो आतंकवादी एक दल पर भारी गोलाबारी कर रहे हैं जिससे उसके आगे बढ़ने की गति धीमी हो गई है, समय बहुत कम है और विद्रोही दूर भागने जा रहे हैं तो वे आड़ लेकर आगे बढ़े और गोलाबारी करके एक विद्रोही को मार गिराया। उसे मारने के बाद उन्होंने एक और विद्रोही का पीछा करके उसे घायल कर दिया परन्तु वह भागने में सफल हो गया। जैसे ही नायक रणजीत सिंह आड़ से बाहर की ओर आए एक तीसरे विद्रोही ने उनकी छाती में गोली मार दी और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एक सिविल अस्पताल में ले जाया गया परन्तु घावों की वजह से उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए।

नायक रणजीत सिंह ने विद्रोहियों का मुकाबला करते हुए बहादुरी, अनुकरणीय साहस तथा पहल-शक्ति का परिचय दिया।

24. 2870390 नायक महावीर सिंह,
7 राजपूताना राइफल (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 31 मई, 1989)

श्रीलंका में तैनात राजपूताना राइफल्स की 7वीं बटालियन में रेडियो आपरेटर नायक सिंह को 5 अन्य कर्मिकों के साथ 31 मई, 1989 को विद्रोहियों को भागने से रोकने के लिए नाकेबन्दी करने का काम सौंपा गया। भागने का प्रयास कर रहे विद्रोहियों ने उनके ग्रुप पर फायरिंग शुरू कर दी। नायक महावीर सिंह ने तत्काल जवाबी फायर किया और अपने प्लाटून कमांडर के साथ उन्होंने विद्रोहियों को बचकर भागने से रोकने के लिए उनका पीछा शुरू कर दिया। पीछा करते हुए नायक महावीर सिंह और उनके प्लाटून कमांडर को गोली लग गई और वे दोनों घायल हो गए। नायक महावीर सिंह को गोली उनकी छाती में लगी थी फिर भी उन्होंने रेंगते हुए आगे बढ़ना जारी रखा और झाड़ियों में गड्ढा खोदकर मोर्चा बांधे हुए विद्रोहियों का पता लगा लिया। विद्रोहियों का पता लगाने के बाद उन्होंने अपनी कार्बाइन से उनका मुकाबला शुरू कर दिया और वहां मोर्चा बांधे हुए दोनों विद्रोहियों को मार गिराया और उनसे दो ए.के. 47 राइफलें बरामद कर ली। परन्तु जब उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा था तो गंभीर घावों की वजह से उन्होंने दम तोड़ दिया।

इस प्रकार नायक महावीर सिंह ने विद्रोहियों का सामना करते हुए अदम्य साहस पहलशक्ति और वीरता का परिचय दिया तथा सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया।

25. मेजर सुरेन्द्र सिंह (आई सी-39558),
16 राजपूताना राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5, जून, 1989)

मेजर सुरेन्द्र सिंह को श्रीलंका में पुत्तर के पूर्व में विद्रोहियों के छिपने के एक संदिग्ध अड्डे का पता लगाने का काम सौंपा गया। उन्होंने अड्डे का पता लगा लिया और उसके बाद वहां छापा मारने का निर्णय लिया। 5 जून, 1989 को 15 सैनिकों को साथ लेकर उस क्षेत्र पर छापा मारा और इस कार्यवाई के दौरान उन्होंने स्वयं दो विद्रोहियों को गोली का निशाना बनाया। उनके दल ने

झोंपड़ी से भागते हुए दो विद्रोहियों को देख लिया। अपनी जान की चिन्ता न करके मेजर सिंह ने भागते हुए विद्रोहियों का पीछा शुरू कर दिया। झोंपड़ी में उनके द्वारा पहले मारे गए दो विद्रोही पड़े हुए थे। जैसे ही वे झोंपड़ी से आगे बढ़े एक विद्रोही ने बहुत निकट से उन पर गोली चलाई और उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। छाती में गोली लगने के बावजूद उन्होंने पलटकर उस विद्रोही को मार गिराया और मरते दम तक भागते हुए विद्रोही का पीछा करते रहे। अपने साथियों को अपनी देखभाल के लिए मना कर दिया उन्हें विद्रोहियों का पीछा करने का निर्देश दिया। अंततः उनमें से भागता हुआ एक विद्रोही मारा गया। इस कार्रवाई के तुरन्त बाद उन्हें फील्ड अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

मेजर सुरेन्द्र सिंह ने बहुत ही विषम एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में उत्कृष्ट वीरता एवं बहादुरी का परिचय दिया।

26. 5040010 हवलदार भीम बहादुर थापा, गोरखा राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 21 जून, 1989)

हवलदार भीम बहादुर थापा, सेक्शन कमांडर, 7 प्लाटून, वीलीं कपनी, पहली बटालियन, 20/21 जून, 1989 की रात को श्रीलंका में कोन्तककरण कुलम इलाके में घात लगाकर बैठे हुए थे। 21 जून, 1989 को लगभग 0530 बजे उन्होंने अपने स्थान से पश्चिम की ओर लगभग 15-20 विद्रोहियों को देखा। उन्होंने तत्काल अपने प्लाटून कमांडर सूबेदार शिवदर्शन सिंह गुरुंग को इसकी सूचना दी और सूचना पाते ही उन्होंने अपनी सारी प्लाटून को सावधान कर दिया। एक लाइट मशीनगन को सही स्थान पर ले जाते समय उसकी खड़खड़ाहट से विद्रोहियों को शक हो गया और उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस बीच कपनी कमांडर, मेजर एस. पी. मेहता वहां पहुंच गए और स्थिति का जायजा लेने के बाद वे प्लाटून कमांडर, हवलदार भीम बहादुर थापा, राइफलमैन गंगा बहादुर घाला के साथ एक ओर आगे बढ़े तथा उन्होंने विद्रोहियों पर व्यक्तिगत रूप से आक्रमण कर दिया।

इस आक्रमण में हवलदार भीम बहादुर थापा छाती में गोली लगने से बुरी तरह जख्मी हो गए और खून की धारा फूट पड़ी परन्तु वे विद्रोहियों से लड़ते रहे और उन्होंने दो विद्रोहियों को मार डाला। उन्होंने युद्ध के दौरान असाधारण कर्तव्यपरायणता और बहादुरी का परिचय दिया और सेना की उच्च परम्पराओं को कायम रखते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

27. 2767350 नायक श्रीधर विठ्ठल कुरानकर, 18 गढ़वाल राइफल्स (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 8 जुलाई, 1989)

8 जुलाई, 1989 को आठ कार्मिकों के एक गश्ती दल ने दो खूंखार आतंकवादियों को साइकिल पर जाते देखा। सेना के वाहन को देखकर आतंकवश वे अपनी साइकिल छोड़कर सुरक्षा के लिए भाग खड़े हुए। एक आतंकवादी चारदीवारियों और मकानों का फायदा उठाकर बच निकला। कमांडिंग अफसर की गाड़ी चला रहे नायक कुरानकर ने अपनी गाड़ी को बड़ी सूझ-बूझ के साथ दूसरे विद्रोही के पीछे लगा दिया। जैसे ही वाहन आतंकवादी के पास पहुंचा और उसे कुचलने वाला ही था, नायक कुरानकर ने अनजाने में ही ब्रेक लगा दिया और तेज गति में ब्रेक लगने के कारण गाड़ी सड़क पर घिसटती हुई रुक गई। कमांडिंग अफसर, नायक कुरानकर और राइफलमैन सुरेश कुमार गाड़ी से बाहर आए और विद्रोही को पकड़ने के लिए आगे बढ़े, परन्तु उस समय तक विद्रोही गाड़ी के कुचले जाने के भय से मुक्त हो चुका था और अपने हाथ में पकड़े हुए ए. के. 47 राइफल के साथ बैठकर मोर्चा संभाल लिया।

लगभग डेढ़ मीटर की दूरी पर विद्रोही को गोली चलाने के लिए तैयार देखकर नायक करानकर ने अपने कमांडिंग अफसर को एक ओर धकेल दिया तथा वे अपनी व्यक्तिगत रक्षा की कतई परवाह न करते हुए विद्रोही पर झपट पड़े। ए. के. 47 राइफल से बरसाई जा रही गोलियां उनकी छाती और सिर में लगी और वे गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और 0930 बजे दम तोड़ दिया।

नायक श्रीधर विट्ठल कुरानकर ने विद्रोहियों का सामना करते हुए अदम्य साहस, और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

28. 13609104 हवलदार अजीत सिंह 10 पैरा (कमांडो) (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 28 अगस्त, 1989)

हवलदार अजीत सिंह 10 पैरा कमांडो की 3 ट्रूप आफ अल्फा असाल्ट टीम के स्क्वेड कमांडरों में थे। 28 अगस्त, 1989 को श्रीलंका में आलमपील में तैनात नंबर 3 ट्रूप आतंकवादी क को श्रीलंका में आलमपील में तैनात नंबर 3 ट्रूप को आलमपील मुलैती बू भाग के साथ-साथ खोजकार्य और मिशन नष्ट करने का काम सौंपा गया। नंबर 3 ट्रूप के कमांडर ने एक राकेट लांचर के साथ हवलदार अजीत सिंह के स्क्वेड को एक ओर से ट्रूप के संचलन पर सुरक्षा की दृष्टि से ध्यान रखने का कार्य सौंपा। ट्रूप पर लघु शस्त्रों से हमला हो गया।

हवलदार अजीत सिंह ने यह बात समझते हुए कि ट्रूप पर विद्रोहियों द्वारा घात लगाकर हमला कर दिया गया है, उन्होंने जवाब में फायरिंग शुरू कर दी। परन्तु इस बात का आकलन कर लेने के बाद कि विद्रोहियों की संख्या और उनका मोर्चा दुर्जेय है, उन्होंने विद्रोहियों को घेराबंदी करने का निर्णय लिया। हवलदार अजीत सिंह ने अपने स्क्वेड को एक ओर के मोर्चे पर लगा दिया और विद्रोहियों पर लगातार कारगर ढंग से गोलियां चलाते रहे। एक ओर से हुए इस आक्रमण से विद्रोहियों का ध्यान बंट गया और शेष ट्रूप पर फायर कम हो गया। इस गोलाबारी के बीच एक राकेट लांचर डिटेचमेंट पैरा ट्रूपर घायल हो गया और एक राकेट लांचर डिटेचमेंट कमांडर मारा गया। हवलदार अजीत सिंह ने स्वयं राकेट लांचर उठाकर फायर करना शुरू कर दिया। इस कार्रवाई में हवलदार अजीत सिंह की छाती में भी एक गोली आ लगी और वे घटनास्थल पर ही मारे गए।

हवलदार अजीत सिंह ने युद्ध के दौरान कुशल नेतृत्व, उत्कृष्ट साहस एवं बहादुरी का परिचय दिया और सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

29. 4267374 सिपाही जान बिट्टोकिरो, 9 बिहार (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 13 सितम्बर, 1989)

सिपाही जान बिट्टोकिरो 13 सितम्बर, 1989 को लाइट मशीनगन नंबर ए. एक कार्मिक के रूप में कार्य करते हुए एक

नाला पार कर रहे थे, जिसमें भारी मात्रा में बारूदी सुरंग बिछी हुई थीं। अचानक उन पर सामने और दाहिने बाजू की ओर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने तत्काल अपना मोर्चा संभाल लिया। मोर्चा संभालने के दौरान उनका पांव विद्रोहियों की जमीन के अंदर बिछाई गई सुरंग पर पड़ गया और उनका दाहिना पैर उड़ गया। अति गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद उन्होंने विद्रोहियों पर अचूक कारगर ढंग से गोलाबारी की। उनके द्वारा लाइट मशीनगन से फायरिंग करते रहने से उनके साथियों को काफी समय मिल गया। सिपाही जान बिट्टीकिरो को घायल अवस्था में स्ट्रेचर पर ले जाया जा रहा था। अभी उनकी टुकड़ी मुश्किल से दो सौ गज दूर ही गई होगी कि विद्रोहियों ने घात लगाकर उन पर फिर हमला कर दिया। इस टुकड़ी पर सामने तथा दाहिने ओर से गोलियां चलने लगीं। घायल अवस्था में होने के बावजूद उन्होंने विद्रोहियों के जवाब में फायर करना शुरू कर दिया और यह गोली-बारी 15–20 मिनट तक चलती रही। सिपाही किरो ने गले में गोली लगने से मरने तक गोली चलाना बंद नहीं किया।

विद्रोहियों के विरुद्ध युद्ध करते हुए सिपाही जान बिट्टा-किरो ने अदम्य साहस, बहादुरी और वीरता का परिचय देते हुए सेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया।

सं. 34-प्रज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी उत्कृष्ट वीरता के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. जी/4467-एच चार्जमैन गोलक बिहारी पटनायक
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 17 मई, 1988)

सीमा संगठन की 157 फार्मेशन कंटिंग प्लाटून में चार्जमैन गोलक बिहारी पटनायक 17 मई, 1988 को बसोली-बानी-मदारवा मार्ग पर पहाड़ी कटन के काम की देख-रेख कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि डोजर बहुत ही जोखिम वाले स्थान पर खड़ा है। सूझ-बूझ का परिचय देते हुए उन्होंने डोजर को वहां से हटवा लिया और विस्फोट से बिखरे हुए पत्थरों को हटाने के लिए आदमियों को लगा दिया ताकि कोई भारी दुर्घटना न हो। वे नजदीक से ही इस बात की निगरानी करने लगे कि जहां आदमी काम कर रहे हैं वहां पर कोई पहाड़ी अथवा शिला गिरने वाली तो नहीं है ताकि आदमियों को हटने के लिए समय पर चेतावनी दे सकें। अचानक भारी भू-स्खलन हुआ। तब वे घाटी की ओर खड़े थे। उन्होंने तत्काल अपने आदमियों को वहां से हटने की चेतावनी दी परन्तु स्वयं भू-स्खलन के साथ नीचे गिर गए।

चार्जमैन गोलक बिहारी पटनायक ने अपने प्राणों को गंभीर खतरा होने के बावजूद सरकारी सम्पत्ति को बचाने और समय पर चेतावनी देकर अपने आदमियों के प्राणों की रक्षा करने में अदम्य साहस एवं उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2. जी/121709-एल ओ ई एम./ गोपीनाथन् पिल्लै
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 12 नवम्बर, 1988)

सीमा सड़क संगठन की वर्तक परियोजना के अधीन 156 फार्मेशन कंटिंग प्लाटून के ओ. ई एम गोपीनाथन् पिल्लै 12 नवम्बर, 1988 को अरुणाचल प्रदेश के ऊपर सुबनसिरी जिले में तालिहा-नाकू सड़क पर चट्टान काटने के काम पर लगाए गए। बारूदी विस्फोटों के कारण चट्टान हिल गई थी और ढीली पड़ चुकी थी। ऊपर से मलबा गिर रहा था। अपने प्राणों के भारी जोखिम के बावजूद वे निडर होकर अनवरत रूप से सड़क साफ करने में लगे रहे। अचानक चट्टान का एक बड़ा भाग खिसका और वे अपनी मशीन समेत सैकड़ों फुट गहरी खाई में जा गिरे। उन्हें बचाने के सभी प्रयास निष्फल रहे। इस प्रकार ओ. ई. एम. गोपीनाथन् पिल्लै ने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

3. जी/89178-एच. ओ. ई. एम. कासी राम
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 दिसम्बर, 1988)

सीमा सड़क संगठन की हिमांक परियोजना की 168 कार्मेशन प्लाटून केयर : 113 सड़क निर्माण कम्पनी के ओ. ई. एम. कासी राम को लद्दाख क्षेत्र में लेह-चालुका सड़क पर 18380 फुट की ऊंचाई पर 20 दिसम्बर, 1988 को खारडुंगला दर्रे में बर्फ हटाने का काम सौंपा गया। भारी हिमपात और लगातार बर्फीली तूफान चलने के कारण जान के खतरे की आशंका से उनके साथ काम कर रहे मजदूर वहां से भाग खड़े हुए। परन्तु बहादुर आपरेटर कासी राम डोजर चलाते रहे और इस निश्चय के साथ बर्फ हटाते रहे कि दर्रा यातायात के लिए खुल जाए और दर्रे के पार संचार व्यवस्था कायम हो जाए। इस बात को भली-भांति यह जानते हुए भी कि भारी हिमपात और बर्फीली तूफान का बढ़ता हुआ खतरा उनके लिए घातक हो सकता है, उन्होंने बर्फ हटाने का काम जारी रखा और वही हुआ। कुछ समय बाद एक विशाल हिमखंड गिरा और वे डोजर के साथ उसके नीचे दब गए। तत्काल बचाव कार्य करने के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस प्रकार ओ. ई. एम. कासी राम ने साहस और असाधारणता का परिचय देते हुए सीमा सड़क संगठन की उच्च परम्परा के अनुरूप अपने जीवन का बलिदान दिया।

4. जी/11221-के. ओ. ई. एम. अभिमन्यु

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि 31 दिसम्बर, 1988)

सीमा सड़क संगठन की हिमांक परियोजना के अंतर्गत कार्यरत 168 फार्मेशन कंटिंग प्लाटून/113 सड़क निर्माण कम्पनी के ओ ई. एम अभिमन्यु को नुबरा घाटी और सियाचिन ग्लेशियर की ओर जाने वाले सामरिक महत्व के मार्ग "लेह चालुका" पर 18380 फुट की ऊंचाई पर खारडुंगला के पास 31 दिसम्बर, 1988 को बर्फ हटाने के काम पर तैनात किया गया। ओ. ई. एम अभिमन्यु अपने डोजर के साथ खारडुंगला के पास कार्य कर रहे थे कि उनका डोजर बर्फ में फंस गया। डोजर के साथ काम करने वाले मजदूर अपनी जान के जोखिम के भय से काम छोड़कर चले गए। परन्तु भीषण बर्फीले तूफानों और हिमपात तथा अत्यधिक संकटमय परिस्थितियों के बावजूद ओ ई. एम अभिमन्यु ने अपने डोजर से बर्फ हटाने का कार्य जारी रखा। इनके लिए खारडुंगला के पार पड़े सैनिकों का जीवन बचाना अपने जीवन से अधिक महत्वपूर्ण था। तभी एक हिमखंड नीचे आ गिरा और ये बर्फ से ढकी घाटी में लगभग 800 फुट नीचे लुढ़क गए। इस पर भी उन्होंने अपना मानसिक संतुलन नहीं खोया और साहस के साथ स्वयं बर्फ से बाहर आए। घायल होने के बावजूद इन्होंने अपना डोजर संभाला और फिर बर्फ हटाने के काम में जुट गए और देर रात तक काम करके सड़क को यातायात के लिए साफ कर दिया।

इस प्रकार, ओ. ई. एम. अभिमन्यु ने असाधारण साहस का उदाहरण पेश किया और अपने प्राणों की तनिक भी चिंता न करते हुए परम कर्त्तव्य निष्ठ होने का परिचय दिया।

5. श्री केदारनाथ, खेमकरण,
पंजाब

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 20 जुलाई, 1989)

20 जुलाई, 1989 की रात तीन खूंखार आतंकवादियों के एक दल ने पंजाब के खेमकरण डाकघर में डाक सहायक, श्री केदारनाथ को गलती से धनाढ्य व्यक्ति समझकर फिरौति में रकम वसूल करने के लिए उनका अपहरण कर लिया आतंकवादियों के पास दो ए. के. 47 राइफलें और एक रिवाल्वर था। केदारनाथ को कई घंटे तक पैदल ले जाने के बाद उन्हें एक फार्म हाउस में बंद कर दिया। 21 जुलाई, 1989 को दोपहर बाद जब उन तीन में से दो आतंकवादी सो गए और तीसरा कमरे के बाहर पहरा देने के लिए खड़ा हो गया, तो उसी समय श्री केदारनाथ ने अपने समीप पड़ी ए. के. 47 राइफल उठाई और बाहर पहरे पर खड़े ए.के. 47 राइफल लिए आतंकवादी जीत सिंह पर गोली दाग दी। उसके हाथ को घायल करने के बाद श्री केदारनाथ ने फुर्ती से बाकी दोनों आतंकवादियों पर गोलियों का निशाना बनाया जो उसे पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। तभी जीत सिंह, फार्म हाउस की चार दीवारी फांद कर भागने की कोशिश कर ही रहा था कि उसे भी उसी समय गोली से उड़ा दिया। इस तरह तीनों आतंकवादी मारे गए और श्री केदारनाथ ने आतंकवादियों के कब्जे से प्राप्त दो ए. के. 47 राइफलें, एक पिस्तौल और कुछ गोला-बारूद बल्टोहा पुलिस थाने में जमा करा दिया।

श्री केदारनाथ ने अपनी असाधारण सझ-बझ और बहादुरी की इस कार्रवाई में अपनी जान को गंभीर संकट में डालकर घातक हथियारों से लैस 3 दुर्दान्त आतंकवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल की।

सं. 35-प्रेज/90—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी वीरता के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. श्री दीपेन्द्र नाथ राय, (मरणोपरान्त)
जलपाईगुड़ी,
पश्चिम बंगाल ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 6 दिसम्बर, 1985)

6 दिसम्बर, 1985 की रात लगभग 23.30 बजे 15-20 बदमाश जलपाईगुड़ी गांव में श्री अमरजीत घोष के घर में घुस गए और घर के लोगों को डरा धमकाकर, शारीरिक यातनाएं देकर 20 हजार रुपये के सोने के गहने, हाथ की घड़ी, अलार्म घड़ी, कपड़े आदि लूट लिए। उसी रात को इसी दल ने इसी गांव में पास के एक और घर में डकैती डालने की कोशिश की। इस दौरान गांव के लोग जाग गए और सारे गांव में भारी शोर मच गया। परिणामस्वरूप बदमाशों ने भागने की कोशिश की। बदमाशों के पास घातक हथियार होने के बावजूद दीपेन्द्र नाथ राय सहित गांव के कुछ लोगों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। इस पर डकैतों ने श्री राय सहित गांव के चार लोगों पर प्रहार किया। श्री राय की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

श्री दीपेन्द्र नाथ राय ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और बदमाशों से गांव वालों की रक्षा करने में आत्म बलिदान करने का विरल उदाहरण प्रस्तुत किया।

2. श्री बूटा राम,
अमृतसर,
पंजाब ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 5 मई, 1987)

5 मई, 1987 को श्री बूटा राम ने आतंकवादियों के साथ लड़ते हुए अनुकरणीय साहस और बहादुरी का परिचय दिया तथा अपनी जान को जोखिम में डालकर दो सशस्त्र आतंकवादियों को पकड़ लिया। पुनः 30 मार्च, 1988 को जब ये अपनी किरयाने की दुकान में बैठे हुए थे, इन्होंने देखा कि आतंकवादी अंधा-धुन्ध गोलियां चला रहे हैं और उसके परिणामस्वरूप श्री सत्य नारायण शर्मा की मृत्यु हो गई है। श्री बूटा राम और इनके अंगरक्षक ने आतंकवादियों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। दोनों ओर से गोलियां चलने पर आतंकवादी भाग गए। श्री बूटा राम ने 1.5 किलोमीटर तक उनका पीछा किया और अपनी जान को बहुत ही जोखिम में डालकर उनमें से एक आतंकवादी को पकड़ लिया।

श्री बूटा राम ने दुर्दान्त आतंकवादियों का पीछा करने और उनमें से तीन को पकड़ने की कार्रवाई में उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया और इस प्रकार अनेक बेगुनाह लोगों की हत्या होने से बचा लिया।

3. जी/47577-एल, ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर प्रेम सिंह वर्मा,

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 13 मार्च, 1988)

लगातार भारी वर्षा के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 6 मार्च से 9 मार्च, 1988 तक अनेक स्थानों पर भू-स्खलन होने से यातायात अवरुद्ध हो गया। सीमा सड़क संगठन की 367 सड़क अनुरक्षण प्लाटून के ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर प्रेम सिंह वर्मा ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा पर ध्यान न देते हुए अपने डोजर से सड़क को साफ करने का प्रयास किया परन्तु केवल आंशिक रूप से ही सफलता हासिल हुई। 11 और 12 मार्च, 1988 को फिर भारी वर्षा और भू-स्खलन की वजह से 13 मार्च, 1988 को यातायात अवरुद्ध हो गया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी चिंता न करते हुए ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर प्रेम सिंह वर्मा ने अपने डोजर से मलबे को साफ करना शुरू कर दिया काम करते हुए उनके डोजर का दायां पहिया घाटी की ओर फिसल गया और डोजर जाम हो गया। इन्होंने डोजर को निकालने का प्रयास किया परन्तु कामयाब न हो सके। उसके बाद उन्होंने तत्काल पहिए की चेन के नीचे पत्थर लगाने शुरू कर दिए और बहुमूल्य डोजर को घाटी में गिरने से बचा लिया। इस प्रकार उन्होंने लाखों रुपये की सरकारी सम्पत्ति को नष्ट होने से बचा लिया। इन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर दूसरे डोजर की सहायता से 15 मार्च को सड़क को साफ करने में सफलता प्राप्त कर ली और उस पर एक ओर का यातायात शुरू हो गया।

इस प्रकार अपनी जान को खतरे में डालकर भू-स्खलन से अवरुद्ध मार्ग को साफ करने और बहुमूल्य डोजर को नष्ट होने से बचाने में ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर प्रेम सिंह वर्मा ने असाधारण साहस, व्यावसायिक कौशल तथा कर्त्तव्य निष्ठा का परिचय दिया।

4. श्री मुख्तियार अहमद, (मरणोपरान्त)
सुल्तानपुर,
उत्तर प्रदेश ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 14 अप्रैल, 1988)

14 अप्रैल, 1988 को दिल्ली परिवहन निगम की रूट नं. 446 पर चल रही एक बस में यात्रा करते समय तीन बदमाशों ने त्रिलोकपुरी निवासी श्री नरुल हुडा का पर्स निकाल लिया जिसमें 390 रुपये थे । श्री नरुल हुडा ने शोर मचा दिया और ड्राइवर ने हजरत निजामुद्दीन पुलिस थाने के सामने बस रोक दी । जैसे ही बस रुकी, तीनों बदमाशों ने जिनकी बाद में मनजीत सिंह, मोहम्मद शहीद और सुरेन्द्र कुमार के रूप में शिनाख्त की गई, भागने का प्रयास किया परन्तु साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए श्री मुख्तियार अहमद ने बदमाशों का पीछा करके उनमें से एक को पकड़ लिया । अन्य दो बदमाशों ने चाकू से श्री अहमद पर वार किए। बुरी तरह घायल हो जाने और घावों से तेजी से रक्त स्राव होने के बावजूद उन्होंने बदमाशों का पीछा नहीं छोड़ा और अन्ततः वे गिर पड़े । उन्हें तत्काल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ले जाया गया जहां उन्होंने उसी दिन दम तोड़ दिया ।

श्री मुख्तियार अहमद ने कुख्यात अपराधियों का पीछा करके उन्हें पकड़ने में अनुकरणीय साहस एवं वीरता का परिचय दिया ।

5. 3372430 हवलदार दलबारा सिंह, (मरणोपरान्त)
3 महार ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 मई, 1988)

3 महार रेजिमेंट के हवलदार दलबारा सिंह को सियाचिन क्षेत्र की चुनौती पूर्ण शिवा चौकी पर पुनः कब्जा करने के कार्य के लिए विशेष रूप से चुना गया । 7 मई, 1988 को लगभग 6.00 बजे उन्होंने दो गैर कमीशन प्राप्त अफसरों और चार अन्य रैंक के कार्मिकों को एक सम्पर्क दल के साथ प्रहार मेक्शन से शिवा चौकी के लिए प्रस्थान किया । इस दल का मुख्य कार्य चढ़ने के लिए रस्सियों को बांधना और चौकी पर कब्जा करने से पूर्व वहां पर आवश्यक सामान पहुंचाने का चुनौतीपूर्ण कार्य करना था । इससे पहली रात वहां पर भारी हिमपात हुआ था । अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में पहलशक्ति, दृढ़ निश्चय एवं उत्कृष्ठ नेतृत्व का परिचय देते हुए हवलदार दलबारा सिंह शिवा चौकी की ओर हल्ला से बढ़ते रहे । जब यह सम्पर्क दल चौकी पर पूरी तरह से चढ़ने से लगभग 300 मीटर ही दूर था कि 800 मीटर लम्बा एक विशाल हिमखण्ड सीधे नीचे की ओर आ गिरा और यह पूरा संपर्क दल उसकी चपेट में आ गया । बचाव दल तत्काल घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ा । उस दिन शाम को 17.00 बजे तक पूरे दिन और अगले दिन भी खोज कार्य जारी रखा गया परन्तु कोई लाभ न हुआ । यद्यपि इसके बाद भी दल को खोजने का प्रयास किया गया परन्तु इस समस्त इलाके के बहुत ही अस्थिर और असुरक्षित होने के कारण खोज कार्य बन्द करना पड़ा ।

इस प्रकार हवलदार दलबारा सिंह ने बहुत विषम परिस्थितियों में उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया तथा अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दे दिया ।

6. मेजर राजेन्द्र प्रताप सिंह (मरणोपरान्त)
(आई सी-32939),
बिहार ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 जुलाई, 1988)

मेजर राजेन्द्र प्रताप सिंह ने नेशनल सोशलिस्ट कौंसिल आफ नागालैंड नामक भूमिगत संगठन की भावी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त करने के एक विशेष मिशन पर 7 जुलाई, 1988 को मणिपुर में उखरुल कस्बे के भीड़ भरे बाजार में नेशनल सोशलिस्ट कौंसिल आफ नागालैंड के विद्रोहियों ने एम-22 चीनी स्वचालित राइफलों से उनके वाहन पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी । गम्भीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद मेजर राजेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्रोहियों पर जवाबी गोलाबारी की । उनके द्वारा बरसाई गई गोलियों के कारण विद्रोहियों को भागना पड़ा । परन्तु मेजर सिंह ने अपने गंभीर रूप से घायल होने के कारण दम तोड़ दिया ।

मेजर राजेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्रोहियों का सामना करते हुए अद्भुत वीरता एवं कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया ।

7. 641460 सार्जेंट लक्ष्मण प्रसाद (मरणोपरान्त)
स्वामी,
एयर फ्रेम फिटर ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 जुलाई, 1988)

एक संचार स्क्वाड्रन के एयर फ्रेम फिटर सार्जेंट लक्ष्मण प्रसाद स्वामी अपने परिवार के साथ 7 जुलाई, 1988 को राजस्थान में बस द्वारा बड़ाबर गांव से मजानगढ़ जा रहे थे । रास्ते में बस रेत में फंस गई । बस का संवाहक बस की छत से जब पी एस पी सीट निकाल रहा था तो वह अचानक ऊपर से जा रही उच्च वोल्टता वाली बिजली की तार से छू गई जिससे बस में करन्ट आ गया और कई यात्री गंभीर रूप से जल गए।

बुरी तरह से जख्मी हो गई अपनी पत्नी और बच्चे तथा अपनी खुद की सुरक्षा की परवाह न करते हुए सार्जेंट प्रसाद ने उस नाजुक स्थिति में असाधारण साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया जब कि बस का चालक वहां से फरार हो गया था । उन्होंने घायल और बुरी तरह घबराए हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से बस से बाहर निकाला और उस आभागी बस को छोड़ने वालों में वे स्वयं सब से पीछे रह गए । लेकिन इससे पहले कि वे बस में लौटकर कदम रखें, दूर बिजलीघर में कर्मचारी ने उड़े हुए फ्यूज को फिर से लगा दिया, जिससे उस बस को बिजली का दूसरी बार करन्ट लगा, फलस्वरूप सभी यात्रियों को बचाने वाले भारतीय वायुसेना के सार्जेंट लक्ष्मण प्रसाद की मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार अपनी जान की बाजी लगा कर अपने साथी यात्रियों की जान बचाने में सार्जेंट लक्ष्मण प्रसाद स्वामी ने असाधारण निःस्वार्थता और साहस का प्रदर्शन किया।

8. कुमारी मोनिशा वर्मा,
विवेक विहार,
दिल्ली ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 11 अगस्त, 1988)

11 अगस्त, 1988 को इन्द्रप्रस्थ कालेज की एम ए (अंग्रेजी) (अंतिम वर्ष) की छात्रा कुमारी मोनिशा वर्मा ने दिल्ली परिवहन निगम की एक बस में यात्रा करते हुए 5 व्यक्तियों के साथ हुई

मुठभेड़ में बहादुरी, सूझबूझ और ताकत का परिचय दिया । तेज रफ्तार से चल रही उस बस में उन 5 व्यक्तियों ने इन्हें दबोचने की कोशिश की। कुमारी मोनिशा वर्मा ने अपने स्पोर्ट्स के जूतों से बदमाशों के मुंह छील दिये और चलती हुई बस से बाहर कूद गई साथ में एक बदमाश को भी बाहर खींच लाई और उसे पकड़ लिया ।

इस प्रकार कुमारी मोनिशा वर्मा ने अपनी जान को जोखिम में डालकर अपनी इज्जत और आबरू की हिफाजत की ।

9 जी/13585-एक्स ड्राइवर जस राम, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 3 अक्तूबर, 1988)

सीमा सड़क संगठन की स्वास्तिक परियोजना की 218 परमानेन्ट वर्क्स प्लाटून ड्राइवर जस राम को एक डोजर के साथ उत्तरी सिक्किम में एक नई सड़क यूमथांग-यूमसोमडांग के निर्माण के लिए पहाड़ियों की कटाई का काम सौंपा गया । 3 अक्तूबर, 1988 को लगभग 13.00 बजे जब वे दुर्गम एवं जोखिमपूर्ण तराई में पहाड़ियों की कटाई के काम में लगे हुए थे ; तब नरम धरती धंस गई और उनकी मशीन का संतुलन बिगड़ गया । अपनी जान बचाने के लिए डोजर से कूदने के बजाए वे अटूट साहस के साथ अंतिम समय तक मशीन को नियंत्रित करने के प्रयास में लगे रहे। अपने अनुकरणीय प्रयास में उन्होंने डोजर को नीचे नदी में गिरने से तो बचा लिया परन्तु उसे पलटने से न रोक सके। डोजर के पलटने पर भी वे चालक की सीट पर बैठे हुए मशीन की लीवर प्रणाली को नियंत्रित करने के प्रयास में लगे रहे और अन्ततः सड़क से लगभग छः मीटर नीचे डोजर को पूरी तरह से रोकने में सफलता हासिल कर ली । इस कार्रवाई में वे गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया ।

इस प्रकार बहुमूल्य उपस्कर को भारी क्षति से बचाने में ड्राइवर जस राम ने अनुकरणीय एवं उत्कृष्ट साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया ।

10. स्क्वाड्रन लीडर संजीव मिश्री (14094), उड़ान (पायलट) ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 7 अक्तूबर, 1988)

50 से 70 वर्ष की आयु के सात यूरोपियन यात्रियों (ट्रेकर) का एक दल भूटान में 14500 फुट की ऊंचाई पर फंस गया था । इनमें से एक की पहले ही मृत्यु हो गई थी और बाकी भी नाजुक स्थिति में थे । ऐसी सूचना मिली थी कि ये उच्च तुंगता फुफ्फुस शोफ (एच ए पी ओ) से पीड़ित हैं और अगर इन्हें तत्काल वहां से निकाला न गया तो इनकी भी वही दशा हो जाएगी । 7 अक्तूबर, 1988 को स्क्वाड्रन लीडर संजीव मिश्रा को हताहत बचाव मिशन पर तैनात किया गया । यह जानते हुए भी कि बचाव का स्थान चेतक हेलीकाप्टर की प्रचालन सीमाओं से काफी ऊपर और अज्ञात क्षेत्र में है स्क्वाड्रन लीडर मिश्रा ने दया मिशन पर जाने का निर्णय लिया क्योंकि देर करने से और लोगों की मृत्यु हो सकती थी । इन्होंने एक वरिष्ठ भूटानी अफसर को साथ ले उड़ान भरी और असाधारण कौशल दिखाते हुए इन्होंने उस क्षेत्र को ढूंढ लिया और चार जीवित बचे यात्रियों का पता लगा लिया । अत्यंत दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के बावजूद इन्होंने एक तंग शिला पर हेलीकाप्टर उतारा और अधिक गम्भीर रूप से हताहत दो यात्रियों को वहां से निकाला । अब इन्हें पता लगा कि मृत विदेशी और अन्य दो जीवित बचे यात्री 2/3 मील की दूरी पर फंसे हुए थे और उनकी हालत और भी बदतर थी । स्क्वाड्रन लीडर मिश्रा दोनों हताहतों को हेलीकाप्टर में बिम्पू लाए, रोटर को चालू रखा और फिर पारो में तुरन्त पुनः ईंधन भरवाकर दूसरी जगह के लिए उड़ चले । चूंकि कोई साफ जगह नहीं मिल रही थी, काफी खोज-बीन के बाद और अपने अनुभव को काम लाते हुए इन्होंने हेलीकाप्टर को एक पहाड़ी नदी में एक छोटे से टुकड़े पर उतारा जिसमें शिलाखंड बिखरे हुए थे । इन्होंने मृत यात्री की देखभाल के लिए वरिष्ठ अफसर को वहां छोड़ा और दोनों हताहतों को थिम्पू पहुंचाया । एक बार फिर शीघ्र ईंधन लेकर ये पहले वाले स्थान पर पहुंच गए और वहां बचे दोनों को हेलीकाप्टर में ले आए । यद्यपि इस समय तक मौसम खराब हो गया था और इन्हें उड़ान करते हुए पांच घंटे से भी अधिक समय हो चुका था फिर भी यह महसूस करते हुए कि मृत यात्री की देखभाल कर रहा सिविलियन गम्भीर संकट में है और रात में जीवित नहीं बचेगा, ये पुनः उस स्थान पर गए और सिविलियन तथा लाश को निकाल लाए ।

इस प्रकार इस पूरे अभियान के दौरान स्क्वाड्रन लीडर संजीव मिश्रा ने उच्च कोटि की व्यावसायिक कुशलता और असाधारण साहस का परिचय दिया ।

11 14701106 सिपाही हीरा बल्लभ नगरकोटी, (मरणोपरान्त)

20 कुमाऊं ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 12 अक्तूबर, 1988)

सिपाही हीरा बल्लभ नगरकोटी को फिरोजपुर जिले में आई बाढ़ के दौरान माल जालंधर मार्ग पर ललवाला गांव के समीप कार्यरत बचाव दल के सदस्य के रूप में तैनात किया गया था । 12 अक्तूबर, 1988 को सिपाही हीरा बल्लभ नगरकोटी और अन्य साथी लगभग 20 सिविलियनों को पार ले जा रहे थे कि नौका डूब गई और उसमें बैठे सभी व्यक्ति डूबने लगे । सिपाही हीरा बल्लभ नगरकोटी ने अपनी पूरी ताकत के साथ नौका को नियंत्रित किया। उसके बाद डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए वे 35–40 फुट गहरे पानी में कूद पड़े । वे बहुत ही अच्छे तैराक थे और उन्होंने भरसक प्रयास करके एक महिला सहित तीन व्यक्तियों को खींचकर नाव में चढ़ा दिया । इस प्रयास में वे पूरी तरह थक गए थे और उनका दम फूलने लगा था। परन्तु वे पानी में डूबते हुए लोगों को न देख सके। अतः अपनी सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए वे फिर पानी में कूद पड़े और एक महिला को बचाने के लिए तैरकर उसके समीप पहुंचे । उस भयातुर महिला ने उन्हें गर्दन से पकड़ लिया । सिपाही हीरा बल्लभ नगरकोटी ने डूबती हुई महिला को बचाने का अपनी पूरी ताकत के साथ प्रयास किया परन्तु बहुत अधिक थक जाने के कारण वे तैरकर नौका तक न आ सके और स्वयं डूब गए । वे बेहाल और पानी में डूबे हुए कीकर के पेड़ों की शाखाओं में उलझ गए तथा अपने आपको न बचा सके ।

इस प्रकार सिपाही हीरा बल्लभ नगरकोटी ने अपने जीवन की आहुति देकर डूबते हुए लोगों को बचाने में असाधारण साहस का परिचय दिया ।

12 1473314 सैपर महिपाल सिंह, इंजीनियर्स, (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 12 अक्तूबर, 1988)

सैपर महिपाल सिंह को एक बचाव दल के सदस्य के रूप में तैनात किया गया था। यह बचाव दल माल-जालन्धर मार्ग पर

नल्लूवाला गांव के समीप हवलदार सहदेव सिंह के नेतृत्व में कार्य कर रहा था । 12 अक्तूबर, 1988 को हवलदार सहदेव सिंह और उनके कर्मी दल के सदस्य लगभग 20 सिविलियनों को पार ले जा रहे थे कि नौका पलट गई महिलाएं, बच्चे और अन्य सभी व्यक्ति डूबने लगे। स्वर्गीय सैपर महिपाल सिंह ने अपनी पूरी शक्ति के साथ नौका को नियंत्रित किया और डूबते हुए लोगों को बचाने के लिए 35–40 फुट गहरे पानी में छलांग लगा दी। बड़ी कठिनाई के साथ उन्होंने 3 व्यक्तियों को खींचकर नौका में चढ़ा दिया । इस प्रयास में वे पूरी तरह थक गए थे परन्तु अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए वे पुनः पानी में कूद पड़े । उन्होंने डूबते हुए लोगों को बचाने का भरसक प्रयास किया परन्तु वे इतने थक चुके थे कि स्वयं तैरकर नौका तक न आ सके और डूब गए ।

इस प्रकार सैपर महिपाल सिंह ने अपने जीवन की आहुति देकर डूबते हुए लोगों को बचाने में असाधारण साहस का परिचय दिया ।

13. 1556953 डब्ल्यू लांस नायक ओ ई एम बख्शीश सिंह

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 25 दिसम्बर, 1988)

दिसम्बर, 1988 में खारडुंगला दर्रे में भारी हिमपात हुआ और 20–25 फुट तक बर्फ जम गई । सीमा सड़क संगठन की 168 फोर्मेशन कटिंग प्लाटून की हिमांक परियोजना के अंतर्गत लांस नायक, ओ ई एम बख्शीश सिंह 25 दिसम्बर 1988 को अपने डोजर के साथ बर्फ हटाने के काम में लगे हुए थे। उसी समय एक भारी हिमखण्ड नीचे गिरा और लांस नायक बख्शीश सिंह अपने डोजर के साथ उसके नीचे दब गए । लांस नायक बख्शीश सिंह इस विपत्ति से तनिक भी विचलित नहीं हुए और घायल होने के बावजूद श्रमिकों की सहायता से उन्होंने अपना डोजर बर्फ से बाहर निकाल लिया । अपने घावों की परवाह न करते हुए और भीषण बर्फीले तूफान का सामना करते हुए इस डिजर आपरेटर ने फिर से बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया । कार्य पूरा होने में शाम हो गई और उसके बाद ही लांस नायक बख्शीश सिंह ने अपने घावों की ओर ध्यान दिया ।

इस प्रकार लांस नायक बख्शीश सिंह ने उत्कृष्ट कर्तव्य परायणता तथा अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने कार्य को पूरा करने के दृढ़ निश्चय का परिचय दिया ।

14. 1077271 सवार ऋतु राज पांडेय, कवचित कोर ।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 13 जनवरी, 1989)

81 कवचित कोर रेजिमेंट के सवार ऋतु राज पांडेय, 10 जनवरी 1989 से वार्षिक छुट्टी पर अपने भाई के साथ पटना में थे। 13 जनवरी, 1989 को रात लगभग आठ बजे अचानक चीख-पुकार के कारण उनकी आंख खुली । वे तेजी से घर से बाहर आए और देखा कि तीन सशस्त्र व्यक्ति श्री संजय कुमार से उनका वीडियो कैमरा छीनने का प्रयास कर रहे हैं। श्री संजय कुमार जोर-जोर से सहायता के लिए पुकार रहे थे। वहां पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे परन्तु कोई भी सहायता के लिए आगे नहीं बढ़ रहा था । सवार ऋतु राज पांडेय अपने जीवन को जोखिम में डालकर श्री संजय कुमार की सहायता के लिए आगे । परन्तु कंधे में गोली लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद उन्होंने श्री संजय कुमार और उनके वीडियो कैमरा को बचाने में सफलता प्राप्त कर ली।

इस प्रकार सवार ऋतु राज पांडेय ने अपने जीवन को गंभीर खतरे में डालकर डकैती के प्रयास को विफल करने में असाधारण साहस का परिचय दिया ।

15. जी/88757-एच, पायनीयर उत्तमान,

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 28 जनवरी, 1989)

सीमा सड़क संगठन की सेवक परियोजना टी 1654 पायनीयर कम्पनी के पायनीयर उत्तमान 28 जनवरी, 1989 को दिन का काम खत्म हो जाने के बाद सेंगनीपाल न्यू मामताल रोड पर रोड रोलर चला कर वापस आ रहे थे । सड़क का ढलान नीचे की ओर था । अचानक रोलर में खराबी आ गई और उसकी ब्रेक प्रणाली ने काम करना बंद कर दिया । परिणामस्वरूप रोलर तेज गति से दौड़ने लगा और अनियंत्रित हो गया । आगे सड़क पर बहुत से बच्चे खेल रहे थे । इन बच्चों को बचाने के लिए पायनीयर उत्तमान ने रोलर को पहाड़ी की ओर मोड़ दिया और रोलर को चढ़ाई की ओर जाने वाली एक छोटी सड़क पर ले जाकर रोकने की कोशिश करने लगे । इस प्रयास में रोलर लुढ़क कर एक तरफ उलट गया और पायनीयर उत्तमान उसके नीचे दब कर मर गए ।

पायनियर उत्तमान रोड रोलर के अनियंत्रित होने पर न तो आतंकित ही हुए और न ही अपनी जान बचाने के लिए उससे कूदे बल्कि उन्होंने धैर्य एवं असाधारण कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया तथा अपनी जान देकर सड़क पर खेल रहे अबोध बच्चों की जान बचाई ।

16. विंग कमांडर चेकुरी मोहन राव (10561), उड़ान (पायलट) । (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 26 फरवरी, 1989)

फरवरी, 1989 में विंग कमांडर चेकुरी मोहन राव की यूनिट को बारा-लाचा-ला से हिम तथा हिमस्खलन अध्ययन स्थापना (एस ए एस ई) बारह हताहतों को बचाने के अभियान पर जाने के लिए कहा गया । ये हताहत बर्फ से ढके क्षेत्रों में एक गंभीर अवलांश में फंस गए थे । विंग कमांडर राव ने यह कठिन कार्य करने का स्वयं जिम्मा उठाया और बचाव कार्रवाई के लिए दो चीता हेलीकाप्टरों के एक सेक्शन का नेतृत्व किया।

असाधारण कौशल और उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए 26 फरवरी, 1989 को उन्होंने अत्यंत खतरनाक मौसम में रोहतांग दर्रा पार किया और 16000 फुट की ऊंचाई पर बारा-लाचा-ला में एक छोटे और बर्फ से ढके हेलीपैड पर सफलतापूर्वक उत्तर कर हिम तथा हिमस्खलन अध्ययन स्थापना के तीन हताहतों को निकाल कर मनाली पहुंचाया। दोबारा ईंधन लेकर और अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उन्होंने फिर उड़ान भरी और बिगड़ते मौसम में बारा-लाचा-ला में उतर गए। वापसी उड़ान में विंग कमांडर के साथ उनका एक सह पायलट और हिम तथा हिमस्खलन अध्ययन स्थापना के तीन हताहत थे । बारा-लाचा-ला से उड़ान भरते ही उनके हेलीकाप्टर में तेज कम्पन होने और वायुयान नियंत्रण से लगभग बाहर हो गया । यह वायुयान की विकट आपातस्थिति थी जिसकी गंभीरता साफ दिखाई न देने और बिगड़ते मौसम के कारण और भी बढ़ गई थी । अपने असाधारण, उड़ान कौशल का इस्तेमाल करते हुए वे वस्तुतः नियंत्रण से बाहर हुए वायुयान को एक पहाड़ी ढलान पर एक मात्र

उपलब्ध बहुत छोटे चपटे भूमि खंड की तरफ ले गए। विपरीत अवतरण के अंतिम चरणों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए उन्होंने अपना हेलीकाप्टर इस ढंग से मोड़ा कि पहाड़ी ढलान के साथ लगे धक्के का ज्यादा असर उन्होंने खुद झेला। हेलीकाप्टर बैठे अन्य व्यक्ति जीवित तो बच गए परन्तु विंग कमांडर राव गंभीर रूप से घायल हो गए और उस ऊंचाई पर शून्य से भी कम तापमान और खतरनाक मौसम में 12 घंटे जीवित रहने के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

विंग कमांडर चेकुरी मोहन राव ने उत्कृष्ट साहस और अपने कर्तव्य के प्रति असाधारण निष्ठा का परिचय दिया और वायुसेना की उच्च परम्परा के अनुरूप अपने जीवन का बलिदान दे दिया।

17. 843014 लांस नायक बीरबहादुर छेत्री, 9 गोरखा राइफल्स।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि: 16 मार्च, 1989)

3/9 गोरखा राइफल्स के लांस नायक बीर बहादुर छेत्री को 16 मार्च, 1989 को भारतीय स्टेट बैंक से कुछ दस्तावेज और स्टेशन मुख्यालय रांची से डाक लाने के लिए भेजा गया। जब वे रास्ते में थे, एक विस्फोट हो गया। उन्होंने देखा कि सिविल कपड़ों में दो व्यक्ति लोगों को भयभीत कर रहे हैं। उनमें से एक के हाथ में काला थैला और दूसरे के हाथ में पिस्तौल थी। उन्होंने उन दोनों व्यक्तियों से पूछा कि वे क्या कर रहे हैं। इतने में उनमें से एक ने लांस नायक छेत्री की ओर विस्फोटक सामग्री फेंकी और वे भागने लगे। लांस नायक छेत्री ने उनका पीछा किया। उन व्यक्तियों ने अपना पीछा न करने की बार-बार चेतावनी दी परन्तु पिस्तौल द्वारा गोली चलाए जाने से दाहिने हाथ की हथेली के घायल होने के बावजूद लांस नायक छेत्री ने उनका पीछा करना जारी रखा। अन्त में उनमें से एक बदमाश ने किसी मकान में घुसकर अन्दर से कुण्डी बन्द कर ली। लांस नायक छेत्री भी मकान में घुस गए और जोरदार संघर्ष के बाद उन्होंने बदमाश को काबू में कर लिया और उसे पुलिस को सौंप दिया।

इस प्रकार लांस नायक बीर बहादुर छेत्री ने बदमाशों से टक्कर लेकर अनुकरणीय नागरिक भावना, अदम्य साहस तथा असाधारण वीरता का परिचय दिया।

18. श्री अनाथ भट्टाचार्यजी,
मिदनापुर,
पश्चिम बंगाल।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 15 अप्रैल, 1989)

15 अप्रैल, 1989 को श्री अनाथ भट्टाचार्यजी अपने बड़े भाई श्री भूषण भट्टाचार्यजी के साथ छत पर काम कर रहे थे। उसी समय उन्होंने एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी और उसके बाद गांव में शोर गुल मच गया। लगभग 300 गज की दूरी पर उन्होंने एक विमान को गिरा हुआ देखा। विमान में आग लग गई थी और उसमें से धुएं के गुब्बारे उठ रहे थे। अन्य ग्रामवासी लोगों को बार-बार विमान के पास न जाने की चेतावनी दे रहे थे। फिर भी श्री अनाथ भट्टाचार्यजी अपने भाई के पीछे दौड़ते विमान के पास पहुंच गए और विमान के पायलट लेफ्टिनेंट यू. सोंधी की आवाज सुनी जो सहायता के लिए पुकार रहे थे। श्री अनाथ भट्टाचार्यजी ने अपने बड़े भाई श्री भूषण भट्टाचार्यजी के साथ मिलकर जलते हुए विमान के मलबे से पायलट को निकालने की कोशिश की परन्तु पायलट का बांया पैर फंसा हुआ था इसलिए वे उन्हें आसानी से न निकाल सके। जलती हुई आग और भीषण गर्मी की तनिक भी परवाह न करते हुए श्री अनाथ भट्टाचार्यजी ने पायलट को उस समय तक संभाले रखा जब तक उनके बड़े भाई पायलट की फंसी हुई टांग को निकालने में सफल न हुए। जैसे ही श्री अनाथ भट्टाचार्यजी और उनके बड़े भाई पायलट को जलते हुए मलबे से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे विमान में एक धमाके के साथ भीषण आग लग गई।

श्री अनाथ भट्टाचार्यजी ने अपने जीवन को खतरे में डालकर ध्वस्त विमान के जलते हुए मलबे में फंसे हुए पायलट लेफ्टिनेंट सोंधी के प्राणों की रक्षा करके अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय एवं उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय दिया।

19. श्री भूषण भट्टाचार्यजी,
मिदनापुर,
पश्चिम बंगाल।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 15 अप्रैल, 1989)

15 अप्रैल, 1989 को श्री भूषण भट्टाचार्यजी अपने छोटे भाई श्री अनाथ भट्टाचार्यजी के साथ छत पर काम कर रहे थे। उसी समय उन्होंने एक जोरदार धमाके की आवाज सुनी और उसके बाद गांव में शोरगुल मच गया। लगभग 300 गज की दूरी पर उन्होंने एक विमान को गिरा हुआ देखा जिसमें आग लगी हुई थी और काफी धुआं निकल रहा था। अन्य ग्रामवासी लोगों को बार-बार विमान के पास न जाने की चेतावनी दे रहे थे। विमान में तेल भरा हुआ था और फिर भी श्री भूषण भट्टाचार्यजी अपने छोटे भाई के साथ दौड़ कर जलते हुए विमान के पास पहुंच गए और विमान के पायलट लेफ्टिनेंट यू. सोंधी की आवाज सुनी जो सहायता के लिए पुकार रहे थे। श्री भूषण भट्टाचार्यजी ने अपने छोटे भाई अनाथ भट्टाचार्यजी के साथ मिलकर जलते हुए विमान के मलबे से पायलट को निकालने की कोशिश की परन्तु पायलट का बायां पैर फंसा हुआ था। इसलिए वे उसे आसानी से न निकाल सके। जलती हुई आग और भीषण गर्मी की तनिक भी परवाह न करते हुए श्री अनाथ भट्टाचार्यजी ने पायलट को संभाले उस समय तक रखा जब तक उनके बड़े भाई पायलट की फंसी हुई टांग को निकालने में सफल न हुए। जैसे ही श्री भूषण भट्टाचार्यजी और उनके भाई पायलट को जलते हुए मलबे से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे विमान में एक धमाके के साथ भीषण आग लग गई।

श्री भूषण भट्टाचार्यजी ने अपने जीवन को खतरे में डालकर ध्वस्त विमान के जलते हुए मलबे में फंसे हुए पायलट लेफ्टिनेंट सोंधी के प्राणों की रक्षा करके अनुकरणीय साहस, दृढ़ निश्चय एवं उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय दिया।

20. लेफ्टिनेंट उदय कुमार सोंधी,
02897-एच (पायलट),
भारतीय नौ सेना।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 अप्रैल, 1989)

15 अप्रैल, 1989 को लेफ्टिनेंट उदय कुमार सोंधी को एक सामरिक विरचना में नं. 2 के रूप में उड़ान भरने के लिए प्राधिकृत किया गया था। वायुयान को अंतिम चरण पर मोड़े जाने तक उड़ान सामान्य थी। अवतरण मोड़ लेने की कोशिश करने पर लेफ्टिनेंट सोंधी को पता चला कि नियंत्रण कालम जाम हो गया है और ये अंतिम चरण पर वायुयान को मोड़ नहीं सके। असाधारण फुरती और जागरूकता दिखाते हुए इन्होंने तरबोडाइन डम्प वाल्व का सही प्रयोग किया और बहुत ही कम प्रतिक्रिया समय उपलब्ध होने के बावजूद थ्रोटल को खोल दिया। फिर भी इससे वायुयान पर केवल सीमित नियंत्रण हो पाया और ये पलटी

से निकल नहीं सके। एक आबादी वाले गांव में वायुयान के टकराए जाने की संभावना थी, स्वयं को भारी खतरे के बावजूद लेफ्टिनेंट सोंधी ने वायुयान में ही रहने के अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया। इन्होंने गांव से दूर रहने के लिए अपने पास उपलब्ध सीमित नियंत्रण का इस्तेमाल किया और अनेक लोगों की जान बचाते हुए वायुयान को लेकर एक खुले और आबादी रहित क्षेत्र में गिर गए। वायुयान गिर जाने के बाद इसमें और इनके उड़ान वस्त्रों में आग लग जाने पर भी लेफ्टिनेंट सोंधी ने विलक्षण सूझबूझ, धैर्य और व्यावसायिकता का परिचय देते हुए इनकी सहायता के लिए वहां आ गए असैनिक लोगों को प्रेरित किया। भूमि पर गिरने में लेफ्टिनेंट सोंधी का बायां टखना जाम हो गया परन्तु शरीर को छूती लपटों और पीड़ा का प्रशंसनीय ढंग में सामना करते हुए, वे अपनी टांग को घसीटते हुए बाहर आ गए। वस्तुतः आग में जलते हुए भी इन्होंने जलते हुए मलबे से इन्हें बाहर खींचने के लिए स्थानीय लोगों से कहा। इस अग्निपरीक्षा में ये 45% गंभीर रूप से जल गए और बाद में इनकी बाईं टांग घुटने के नीचे से काटनी पड़ी।

लेफ्टिनेंट उदय कुमार सोंधी ने बहुत ही नाजुक परिस्थिति में उत्कृष्ट साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया।

21. श्री डूंगर राम गटियाला, (मरणोपरान्त)
जोधपुर (राजस्थान)।

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 19 अप्रैल, 1989)

19 अप्रैल, 1989 को आतंकवादियों का एक गिरोह राजस्थान के गंगानगर जिले में सदूल कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा को लूटने आया। बैंक गार्ड श्री जागूराम अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए आतंकवादियों को बैंक में घुसने से रोकने के प्रयास में उनसे भिड़ पड़े, जबकि वे अच्छी तरह से जानते थे कि आतंकवादी रिवाल्वरों से लैस हैं और उनके साथ मुठभेड़ में जान भी जा सकती है। इस मुठभेड़ में आतंकवादियों की गोली से श्री जागूराम की मृत्यु हो गई। बैंक गार्ड को मारने के बाद आतंकवादी बैंक में घुस गए। इस बीच बैंक के प्रबन्धक, श्री डूंगर राम गटियाला को डकैती के इस प्रयास का पता चल गया। उन्होंने बिना कोई क्षण खोए अलार्म बजा दिया और अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने कमरे से बाहर आकर उनमें से एक को पकड़ने की कोशिश करने लगे। इस बीच एक आतंकवादी ने उन पर गोली चला दी और उन्होंने बैंक को लूटने से बचाने के इस महान कार्य में अपने प्राणों की आहुति दे दी।

बैंक प्रबंधक, श्री डूंगर राम गटियाला और बैंक गार्ड, श्री जागूराम ने उत्कृष्ट साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और अपने प्राणों की बाजी लगाकर 5 करोड़ रुपये की भारी राशि की बैंक डकैती को विफल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

22. श्री जागूराम,
झुंझुणु (राजस्थान) (मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तिथि : 19 अप्रैल, 1989)

19 अप्रैल, 1989 को आतंकवादियों का एक गिरोह राजस्थान के गंगानगर जिले में सदूल कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा को लूटने आया। बैंक गार्ड, श्री जागूराम अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए आतंकवादियों को बैंक में घुसने से रोकने के प्रयास में उनसे भिड़ पड़े जबकि वे अच्छी तरह से जानते थे कि आतंकवादी रिवाल्वरों से लैस हैं और उनके साथ मुठभेड़ में जान भी जा सकती है। इस मुठभेड़ में आतंकवादियों की गोली से श्री जागूराम की मृत्यु हो गई। बैंक गार्ड को मारने के बाद आतंकवादी बैंक में घुस गए। इस बीच बैंक के प्रबंधक श्री डूंगर राम गटियाला को डकैती के इस प्रयास का पता चल गया। उन्होंने बिना कोई क्षण खोए अलार्म बजा दिया और अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने कमरे से बाहर आकर उनमें से एक को पकड़ने की कोशिश करने लगे। इस बीच एक आतंकवादी ने उन पर रिवाल्वर से गोली चला दी जिससे उनकी भी मृत्यु हो गई।

बैंक गार्ड, श्री जागूराम और बैंक के प्रबन्धक, श्री डूंगर राम गटियाला ने उत्कृष्ट साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया और अपने प्राणों की बाजी लगाकर 5 करोड़ रुपये की भारी राशि की बैंक डकैती को विफल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

राजीव महर्षि,
राष्ट्रपति का उप सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 30 मार्च 1990

स. ए-11019/5/87-प्रशा.-I.—राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड, जिसे दिनांक 10 सितम्बर, 1987 के समसंख्यक संकल्प द्वारा स्थापित किया गया था, 1 अप्रैल, 1990 से समाप्त माना जायेगा।

दीपक दासगुप्ता, संयुक्त सचिव

इलेक्ट्रानिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 20 मार्च 1990

संकल्प

स. 15(32)/89-एस. डी. ए.-खण्ड-III.—भारत सरकार ने यह निर्णय किया है कि इलैक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत "सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क, पुणे" के नाम से एक संस्था स्थापित की जाए।

2. इस संस्था का पंजीकृत कार्यालय पुणे में होगा।

3. इस संस्था के मुख्य उद्देश्य नीचे दिए गए हैं :—

(क) आंकड़ा सम्पर्क के माध्यम से सॉफ्टवेयर के विकास तथा निर्यात के लिए भूसंरचनात्मक सुविधाएं स्थापित करना तथा उनका प्रबंध करना जैसे कि संचार की सुविधाएं, मुख्य कम्प्यूटर, भवन, अन्य सुविधाएं आदि, तथा (निर्यात के प्रयोजन से सॉफ्टवेयर के विकास का कार्य करने वाले) प्रयोगकर्ताओं को सेवाएं उपलब्ध कराना।

(ख) सॉफ्टवेयर तथा सॉफ्टवेयर सेवाओं के विकास तथा निर्यात का कार्य करना।

(ग) निर्यात संवर्धन से संबंधित कार्यकलाप करना जैसे कि प्रौद्योगिकी का मूल्यांकन, बाजार का विश्लेषण, बाजार का विभाजन आदि।

(घ) सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में व्यवसायियों को प्रशिक्षण देना तथा/अथवा उन्हें तैयार करना।

(ङ) कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियरी के क्षेत्र में डिजाइन तथा विकास के कार्य करना और उसे बढ़ावा देना।

4. सचिव, इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क, पुणे के "विजिटर" (निरीक्षणाधिकारी) होंगे।

5. पुणे स्थित साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का प्रबंध भारत सरकार, इले. विभाग द्वारा यथाअनुमोदित प्रतिष्ठान पत्र और नियमों तथा विनियमों के अनुसार अधिशासी परिषद् तथा स्थायी कार्यकारिणी बोर्ड द्वारा किया जाएगा। अधिशासी परिषद् तथा स्थायी कार्यकारिणी बोर्ड का गठन नीचे दिए अनुसार होगा :—

I. अधिशासी परिषद्

अध्यक्ष

1. इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा मनोनीत इलेक्ट्रानिकी विभाग का एक अधिकारी

सदस्य

2. महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि
3. कार्यकारी निदेशक, इलेक्ट्रानिकी तथा कम्प्यूटर निर्यात संवर्धन परिषद्
4. प्रौद्योगिकी पार्क में भाग लेने वाले प्रयोक्ता उद्योग के प्रतिनिधि
5. वित्तीय सलाहकार, इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार अथवा उनके प्रतिनिधि
6. वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि
7. साफ्टवेयर विकास प्रभाग, इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार के सदस्य
8. सचिव, इलेक्ट्रानिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा मनोनीत दो अधिकारी

सदस्य-सचिव

9. निदेशक, साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

II. स्थायी कार्यकारिणी बोर्ड

संयोजक

(क) निदेशक, साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क, पुणे

सदस्य

(ख) साफ्टवेयर विकास प्रभाग, इलेक्ट्रानिकी विभाग के प्रतिनिधि

(ग) वित्तीय सलाहकार, इलेक्ट्रानिकी विभाग के प्रतिनिधि

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों तथा सभी संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की जाए।

अनिल कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 22 मार्च 1990

संकल्प

सं. 8-2/90-आई. ज. एम. सी.—योजना आयोग के दिनांक 1 जून 1962 के संकल्प संख्या एक 13(39)/62-प्रशासन 1 द्वारा गठित भारत और जापान में आर्थिक विकास संबंधी अध्ययन समिति और 13 जनवरी, 1979 के संकल्प संख्या VIII-2/79-आई. जे. एम. सी. द्वारा भारत-जापान अध्ययन समिति के रूप में पुन. नामोद्दिष्ट तथा योजना आयोग के दिनांक 4 नवम्बर, 1985 के संकल्प संख्या VIII-2/85-आई. जे. एस. सी. द्वारा पिछली पुनर्गठित समिति का एतद् द्वारा निम्न प्रकार से पुनर्गठन किया जाता है :

अध्यक्ष

डा. ए. के. घोष

सदस्य

प्रो. सी. एन. आर. राव

श्री मनोष मोदी

श्री वीरेन शाह

श्री वाई. एल. अग्रवाल

श्री मकरंद दवे

प्रो. दीपक नयय्यर

सदस्य-सचिव

श्री एस. सी. गुप्त

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सभी राज्य सरकारों, भारत सरकार के मंत्रालयों, प्रधान मंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति के सैनिक सचिव और जापान में भारत के राजदूत को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

दिनांक 27 मार्च 1990

संकल्प

सं. एम-11011/1/90-भावी योजना—योजना आयोग के समसंख्यक संकल्प का अधिक्रमण करते हुए भारत सरकार ने तत्काल प्रभाव से एक सलाहकार पैनल का गठन करने का निर्णय लिया है जो नियमित आधार पर विकास का जायजा लेने के लिए योजना आयोग के साथ निकट सम्पर्क स्थापित करके कार्य करेगा तथा विभिन्न नीति विषयक विकल्पों और कार्यक्रम संबंधी कार्य-नीतियों के बारे में सुझाव देगा।

2. पैनल में निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

(1) आचार्य राममूर्ति
श्रम भारती, खादी ग्राम
जिला मुंगेर
बिहार-811313

(2) डा. डी. टी. लाकड़ावाला
बिल्डिंग-5, लेडी एन-काट आर्फनेज
7, चौपाटी रोड
बम्बई-400007

(3) डा. के. एन. राज
नन्दवन
डालावा कुन्नु
कुमारपुरम
त्रिवेन्द्रम-695001

(4) डा. के. एस. कृष्णस्वामी
प्रणति
प्लाट नं. 1706, 14वां मेन
30वां क्रास, बनशंकरी स्टेज-।।
बंगलौर-560070

(5) डा. वी. कुरियन
अध्यक्ष
राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड
आनंद (गुजरात) पिन-388001

(6) डा. अमूल्य रेड्डी
भारतीय विज्ञान संस्थान
बंगलौर-560012

(7) डा. वीना मजूमदार
निदेशक
महिला विकास अध्ययन केन्द्र
बी-43, पंचशील एन्क्लेव
नई दिल्ली-110017

(8) डा. वी. ए. पाई पनांदीकर
निदेशक
नीति अनुसंधान केन्द्र
धर्म मार्ग, चाणक्यपुरी
नई दिल्ली-110021

(9) डा. वाई. पी. नन्जप्पा
121, छटा क्रास, 10 मेन
राज महल विलास एक्सटेंशन
बंगलौर-560080

(10) डा. एम. बी. बोकारे
कुलपति
नागपुर विश्वविद्यालय
नागपुर-1

(11) प्रो. देव कुमार बोस
अध्यक्ष
प. बंगाल राज्य विद्युत बोर्ड
तथा सदस्य,
राज्य योजना बोर्ड,
कलकत्ता

3. पैनल के कार्य के संबंध में, पैनल के सदस्य हवाई जहाज की उच्च श्रेणी या रेल की वातानुकूलित प्रथम श्रेणी द्वारा यात्रा करने के पात्र होंगे।

4. बाहर से आने वाले सदस्यों के लिए ठहरने का स्थान तथा भोजन की बैठक के स्थान पर व्यवस्था योजना आयोग द्वारा की जाएगी।

5. पैनल के जो सदस्य उपर्युक्त पैरा 4 और 5 में उल्लिखित सुविधाओं का लाभ नहीं उठाएंगे, वे उच्चाधिकार प्राप्त समितियों के सदस्यों को यथा अनुमत्य तथा व्यय विभाग के दिनांक 23 जून, 1986 के कार्यालय ज्ञापन सं. 19020/1/84-ई-4 (समय समय पर यथा संशोधित) में विनिर्दिष्ट दैनिक भत्ते अथवा वाहन भत्ते के पात्र होंगे। यात्रा भत्ते, दैनिक भत्ते तथा वाहन भत्ते पर होने वाला व्यय योजना आयोग द्वारा वहन किया जाएगा।

7. योजना आयोग के दिनांक 25 मार्च, 1983 के संकल्प संख्या ए-12034/2/83-प्रशासन-1 (समय समय पर यथा संशोधित) द्वारा गठित अर्थशास्त्रियों का पैनल तत्काल प्रभाव से कार्य करना बंद कर देगा।

8. यह संकल्प भारत के राजपत्र के भाग 1 खंड 1 में प्रकाशित दिनांक 21-2-90 में समसंख्यक संकल्प का स्थान लेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबद्ध व्यक्तियों को प्रेषित की जाए तथा इसे सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

जगदीश चन्द्र अगरवाल, निदेशक (प्रशासन)

गृह मंत्रालय

(राजभाषा विभाग)

नई दिल्ली-3, दिनांक 29 मार्च 1990

संकल्प

सं. 12015/34/87-रा.भा. (त.क.)—राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4(1) के अधीन संसदीय राजभाषा समिति गठित की गई थी। सरकारी कार्यालयों में देवनागरी में यांत्रिक सुविधाओं के प्रयोग के संबंध में सिफारिशें करते हुए समिति ने अपना द्वितीय प्रतिवेदन जुलाई, 1987 में राष्ट्रपति को प्रस्तुत किया। राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4(3) के अनुसार इसे 29 मार्च, 1988 को लोक सभा में एवं 30 मार्च, 1988 को राज्य सभा के पटल पर रखा गया। इसकी प्रतियां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को भेजी गई। चूंकि सिफारिशों का संबंध विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में होने वाले कामकाज से है, अतः इस संबंध में उनसे भी राय ली गई। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों से प्राप्त मतों पर विचार करने के बाद समिति द्वारा की गई अधिकांश सिफारिशों को मूल रूप में या कुछ संशोधन के साथ स्वीकार करने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार अधोहस्ताक्षरी को राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4(4) के अधीन समिति के प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों के संबंध में राष्ट्रपति के निम्नलिखित अनुसार आदेश सूचित करने का निदेश हुआ है :—

(1) समिति ने यह सिफारिश की है कि (क) 1990 तक 'क' क्षेत्र स्थित कार्यालयों में कम से कम 90% 'ख' क्षेत्र स्थित कार्यालयों में 66-2/3% और 'ग' क्षेत्र स्थित कार्यालयों में 25% टाइपराइटर देवनागरी के होने चाहिए। यह बात साधारण टाइपराइटर के अतिरिक्त पिन प्वाइंट, बुलेटिन और पोर्टेबल तथा बिजली चालित टाइपराइटरों पर भी लागू होती है। (ख) यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रत्येक कार्यालय में देवनागरी का कम से कम एक टाइपराइटर अवश्य हो और अतिरिक्त टाइपराइटरों की खरीद उपर वर्णित विभिन्न क्षेत्रों के लिए निर्धारित प्रस्तावित प्रतिशत के अनुसार की जानी चाहिए।

समिति की सिफारिश को इस संशोधन के साथ स्वीकार किया गया है कि 1994-95 के अन्त तक समिति द्वारा प्रस्तावित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आदेश राजभाषा विभाग द्वारा निकाले जाएं । इन आदेशों में समिति की सिफारिश के परिप्रेक्ष्य में राजभाषा विभाग के आदेशों की पुनरावृत्ति की जाये कि प्रत्येक कार्यालय में कम से कम देवनागरी का एक टाइपराइटर अवश्य हो और वर्तमान देवनागरी टाइपराइटरों में प्रत्येक वर्ष लगभग 20% वृद्धि करते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि वर्ष 1994-95 के अन्त तक समिति द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिये जायें। इसी के अनुसार प्रत्येक वर्ष हिन्दी आशुलिपि तथा देवनागरी टाइपिंग के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए । यह लक्ष्य राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रत्येक वर्ष के अनुसार वार्षिक कार्यक्रम में भी परिलक्षित किये जाएं ।

(2) टाइपराइटरों के बारे में समिति ने यह सिफारिश की है कि

(क) इलैक्ट्रानिक टाइपराइटरों के अनुसंधान कार्य को प्रोत्साहन देना चाहिए ताकि केवल देवनागरी के इलैक्ट्रानिक टाइपराइटरों का भी देश में निर्माण शीघ्रातिशीघ्र हो सके और उपलब्ध होने पर टाइपराइटरों की 'क' तथा 'ख' क्षेत्र स्थित कार्यालयों द्वारा की जाने वाली मांग को शीघ्र पूरा किया जा सके । इसके निर्माण तथा प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार को चाहिए कि इस प्रकार के टाइपराइटर पर उत्पाद शुल्क में विशेष रियायत दे ।

यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई है । इसके कार्यान्वयन के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग और उद्योग मंत्रालय आवश्यक कार्रवाई करें ।

(ख) यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि जब तक केवल देवनागरी इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर का निर्माण नहीं हो जाता तब तक सभी कार्यालय केवल वही इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर खरीदें जिनमें रोमन के साथ-साथ देवनागरी टाइपिंग की सुविधा भी उपलब्ध हो ।

राजभाषा विभाग द्वारा 15 जून, 1987 को यह आदेश जारी किया जा चुका है कि केन्द्रीय सरकार के सभी कार्यालयों में केवल द्विभाषी (हिन्दी-अंग्रेजी) इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर ही खरीदे जाएं । समिति की सिफारिश के परिप्रेक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा इन आदेशों को दोहराते हुए सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाए कि जब तक केवल देवनागरी इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक सभी कार्यालय केवल वही इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर खरीदें जिनमें रोमन के साथ-साथ देवनागरी टाइपिंग की सुविधा भी उपलब्ध हो ।

(3) हिन्दी टाइपिंग तथा हिन्दी आशुलिपि में प्रशिक्षण के संबंध में समिति ने सिफारिश की है कि

(क) यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हिन्दी टाइपिंग या हिन्दी आशुलिपि में प्रशिक्षित सभी कर्मचारियों की सेवाओं का हिन्दी के काम के लिए पूरा लाभ उठाया जाए ।

राजभाषा विभाग द्वारा आदेश जारी किए जाएं कि सभी प्रभागादि देवनागरी टंकण व आशुलिपि में प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं का हिन्दी के काम में समुचित उपयोग करें तथा जहां उनकी संख्या के अनुरूप टाइपराइटर उपलब्ध नहीं है, वहां तुरन्त देवनागरी टाइपराइटर खरीदे जाएं तथा यदि कोई अन्य कारण है, जिससे प्रशिक्षण कर्मचारियों की सेवाओं का हिन्दी के काम में उपयोग नहीं हो पा रहा हो तो उन कारणों को तुरन्त हटाया जाए।

(ख) जिन कर्मचारियों को अभी तक हिन्दी टाइपिंग अथवा हिन्दी आशुलिपि का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं है, उन्हें एक समय-बद्ध योजना के अनुसार 1990 के अन्त तक इसमें प्रशिक्षित कराया जाए ताकि आवश्यकतानुसार वे हिन्दी में टाईपिंग तथा आशुलिपि का कार्य कर सकें ।

सिफारिश के इस भाग को इस संशोधन के साथ स्वीकार किया गया है कि समयबद्ध योजना के अनुसार 1994-95 के अन्त तक हिन्दी टंकण और हिन्दी आशुलिपि के प्रशिक्षण के लिए वर्तमान में शेष रहे लगभग सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाए। इसके लिए प्रत्येक वर्ष राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक कार्यक्रम में हिन्दी आशुलिपिकों तथा देवनागरी टाइपिस्टों के लक्ष्यों में प्राय: 20% वृद्धि की जानी अपेक्षित होगी ।

(4) समिति ने यह सिफारिश की है कि हिन्दी टाइपिंग तथा हिन्दी आशुलिपि में प्रशिक्षण की वर्तमान व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाना चाहिए । इस समय इस प्रकार के प्रशिक्षण की सुविधाएं अत्यन्त सीमित हैं । विशेषकर अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में तो इनका प्राय: सर्वथा अभाव ही है । जहां-जहां भी निजी संस्थाओं में इस प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था नहीं है वहां हिन्दी शिक्षण योजना के प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने चाहिए । यदि ऐसे प्रशिक्षण केन्द्र अधिक नहीं खोले जा सकते तो संबंधित कर्मचारियों को कुछ समय के लिए इस प्रकार के गहन प्रशिक्षण के लिए चुने हुए प्रशिक्षण केन्द्रों में भेजा जाना चाहिए ।

समिति की सिफारिश मान ली गई है तथा इसके लिए केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान तुरन्त निम्नलिखित कदम उठाये —

(क) इस समय विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए बनी कार्मिक-शक्ति तथा उनके परिप्रेक्ष्य में वर्तमान प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का सर्वेक्षण ।

(ख) 8वीं पंचवर्षीय योजना में प्रशिक्षण विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्णकालिक तथा अंशकालिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलना ।

(ग) जहां संभव हो, राज्य सरकार अथवा स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में सरकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करवाना।

(घ) कुछ चुने हुए केन्द्रों में पूर्णकालिक प्रशिक्षण व्यवस्था तथा वहां पर गहन प्रशिक्षण के क्रैश कोर्सों का आयोजन।

इसके अतिरिक्त राजभाषा विभाग सभी मंत्रालयों/विभागों आदि को सूचित करे कि ऐसे स्थानों पर, जहां सरकारी कर्मचारियों की संख्या इतनी अधिक नहीं है कि उनके लिए पूर्णकालिक/अंशकालिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएं और जहां पर स्वैच्छिक संस्थाओं आदि द्वारा प्रशिक्षण की व्यवस्था भी उपलब्ध नहीं है, वहां सरकारी कर्मचारियों का हिन्दी आशुलिपि तथा हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण निजी संस्थाओं, जैसे प्राइवेट कमर्शियल इन्स्टीच्यूट में कराये जाने की स्वीकृति तथा इस प्रशिक्षण पर कर्मचारियों द्वारा किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधित कार्यालय द्वारा की जाए। साथ ही सभी कार्यालयों के लिए कहा जाए कि प्रत्येक कार्यालय में कम-से कम एक टंकण हिन्दी में प्रशिक्षित अवश्य हो । जहां कहीं आवश्यक तथा संभव हो इस प्रकार के प्रशिक्षित

टंकक को उक्त अप्रशिक्षित कर्मचारियों को हिन्दी के टंकण के प्रशिक्षण के लिए प्रयोग किया जाए और यह अतिरिक्त कार्य करने के लिए कार्यालय अध्यक्ष द्वारा उन्हें कुछ मानदेय भी नियमानुसार दिया जाए ।

(5) समिति ने यह सिफारिश की है कि

(क) हिन्दी टाइपिंग तथा हिन्दी आशुलिपि के पाठ्यक्रम का समय-समय पर पुनरीक्षण किया जाना चाहिए और इनमें अद्यतन तकनीकी विकास को देखते हुए गुणात्मक सुधार किया जाना चाहिए ताकि ये टाइपिस्ट इलैक्ट्रिक तथा इलैक्ट्रानिक टाइपराइटरों पर भी सुविधापूर्वक कार्य कर सकें ।

यह सिफारिश मान ली गई है । इस सिफारिश के क्रियान्वयन के लिए केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान कुछ चुने हुए केन्द्रों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलायें, जिसमें इलैक्ट्रानिक टाइपराइटरों के प्रयोग के लिए प्रशिक्षण दिया जाए । शुरू में यह प्रशिक्षण केवल उन्हीं कार्यालयों के टाइपिस्टों को दिया जाए, जहां पर कम से कम एक इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर उपलब्ध है अथवा जहां इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर खरीदने का निर्णय लिया गया हो। इसके अतिरिक्त जहां-जहां द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर उपलब्ध हों, वहां संबंधित कंपनियों द्वारा भी इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर पर काम करने का प्रशिक्षण दिया जा सकता है। द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टाइपराइटर खरीदने वाले कार्यालयों द्वारा इस संबंध में कंपनियों से अनुरोध किया जाए ।

(ख) इसी प्रकार टैलेक्स तथा टेलीप्रिंटर प्रचालकों के भी समय-समय पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

यह सिफारिश मान ली गई है, इसके कार्यान्वयन के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम दूरसंचार विभाग तथा केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चलाए जाएं और इसके लिए समयबद्ध योजना शीघ्र बनाकर कार्यान्वित की जाए ।

(6) पतालेखी मशीनों के संबंध में समिति ने सिफारिश की है कि

(क) 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में रोमन पतालेखी मशीन के साथ देवनागरी एम्बोसिंग मशीनें लगाई जाएं ।

यह सिफारिश मान ली गई है । इस सिफारिश के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा आदेश जारी किया जाए । चूंकि 'ग' क्षेत्रों में स्थित कार्यालयों में भी कई बड़े-बड़े कार्यालय ऐसे हैं, जिनमें काफी पत्र-व्यवहार 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों के कार्यालयों से होता है । अतः ऐसे कार्यालयों में भी द्विभाषी पतालेखी मशीनों का प्रावधान होना चाहिए । इसलिए आदेशों की परिधि में 'ग' क्षेत्र को भी सम्मिलित किया जाए ।

(ख) इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

पतालेखी मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों को हिन्दी भाषा का ज्ञान होना चाहिए । ऐसे कर्मचारियों को पतालेखी मशीन पर हिन्दी भाषा में काम करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए पतालेखी मशीन कंपनियों से अनुरोध किया जाए ।

(7) टेलीप्रिंटर/टैलेक्स के संबंध में समिति ने सिफारिश की है कि

(क) 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों के कार्यालयों में जहां केवल रोमन टेलीप्रिंटर लगे हुए हैं वहां उनके साथ-साथ देवनागरी टेलीप्रिंटर जून, 1988 तक लगाए जाने चाहिए।

यह सिफारिश संशोधन के साथ स्वीकार की गई है । चूंकि अब द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टैलेक्स मशीन का विकास हो चुका है और इन मशीनों का व्यावसायिक उत्पादन भी हो रहा है । उचित यही रहेगा कि रोमन टेलीप्रिंटरों को द्विभाषी टैलेक्स मशीनों से बदल दिया जाए ।

(ख) इसके साथ-साथ देवनागरी तथा रोमन के द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिन्टर और टैलेक्स के विकास में भी तेजी लाई जानी चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि इसके विकास में तनिक भी विलम्ब नहीं किया जाए और उनके परीक्षण सफल होने के बाद वर्तमान रोमन इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिंटरों की बजाए द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिंटर स्थापित किए जाएं । यह कार्य वर्ष 1988 के अंत तक पूरा हो जाना चाहिए ।

यह सिफारिश भी संशोधन के साथ स्वीकार की गई है । द्विभाषी टैलेक्स मशीन के विकास का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है और वर्तमान रोमन इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिंटरों की बजाय द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टैलेक्स मशीनें वर्ष 1988 के अन्त तक लगाने की समय-सीमा भी पहले ही समाप्त हो चुकी है । इसलिए दूरसंचार विभाग अंग्रेजी-देवनागरी द्विभाषी टैलेक्स मशीनों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि करे और यह सुनिश्चित करे कि सभी सरकारी कार्यालयों में अगले लगभग तीन वर्षों में, अर्थात् 30-9-1993 तक सभी टेलीप्रिंटर/टैलेक्स द्विभाषी हों। इसके लिए दूरसंचार विभाग एक समयबद्ध योजना बनाये, ताकि जहां एक ओर शीघ्रातिशीघ्र द्विभाषी टैलेक्स मशीनें कार्यालयों में उपलब्ध हों, वहां दूसरी ओर उन पर मुख्यतया देवनागरी में ही काम किया जाए ।

(ग) टेलीप्रिन्टर प्रचालकों को हिन्दी में कार्य करने का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से दिया जाना चाहिए ।

टेलीप्रिंटरों के प्रचालकों को हिन्दी में प्रशिक्षण देने की सिफारिश मान ली गई है । दूरसंचार विभाग टैलेक्स प्रचालकों के हिन्दी प्रशिक्षण का भी प्रबन्ध करे । इसके लिए भी वह एक समयबद्ध योजना बना कर कार्यान्वित करे । इसके अतिरिक्त केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान में भी टैलेक्स प्रचालकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए

(8) समिति ने यह सिफारिश की है कि देवनागरी लिपि में कार्य करने में सक्षम कंप्यूटर प्रणालियों और शब्द-संसाधक आदि खरीदने में सरकार द्वारा कड़ाई से कार्य किया जाना चाहिए और इस संबंध में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जानी चाहिए । इस विषय में राजभाषा विभाग द्वारा उच्चतम स्तर पर निगरानी रखी जानी चाहिए । इस सिलसिले में, सभी मंत्रालयों, आदि से प्रति तिमाही मंगाई जाए कि उन्होंने किस प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियां आदि लगाई हैं ।

समिति की इस सिफारिश के कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा इस विषय में दिनांक 31-8-1987 को जारी किए गए आदेश की पुनरावृत्ति की जाए और सभी विभागों से अनुरोध किया जाए कि वे इस विषय में कड़ाई से काम लें । हालांकि राजभाषा नीति के प्रगामी प्रयोग के विषय में निर्धारित तिमाही प्रगति रिपोर्ट में कंप्यूटर प्रणाली आदि के विषय में पहले सूचना उपलब्ध रहती है, तथापि समिति की सिफारिश के मानते हुए राजभाषा विभाग द्वारा इस विषय में एक सर्वेक्षण किया जाए तथा इस सर्वेक्षण के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए ।

(9) समिति ने यह सिफारिश की है कि इलैक्ट्रानिकी विभाग में एक संगठन स्थापित किया जाना चाहिए जो विभिन्न प्रकार की इलैक्ट्रानिकी यांत्रिकी सुविधाओं में हिन्दी के इस्तेमाल को ध्यान में रखकर उनके निर्माण और विकास के बारे में भी सरकार को सिफारिशें कर सकेगा। इस प्रकार के यंत्रों के निर्माण और विकास में तेजी लाने के लिए सरकारी क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र में क्या-क्या किया जा सकता है इसका पता भी लगा सकता है।

समिति की सिफारिश मान ली गई है इसके कार्यान्वयन के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग कम्प्यूटर विकास प्रभाग में एक विशेष सैल बनाए, जो कि विभिन्न प्रकार की इलैक्ट्रानिकी, यांत्रिकीय सुविधाओं में हिन्दी के इस्तेमाल को ध्यान में रखकर उनके निर्माण और विकास के बारे में भी सरकार को सिफारिश करे तथा इस प्रकार के यंत्रों के निर्माण और विकास में तेजी लाने के लिए सरकारी क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र में क्या-क्या किया जा सकता है। इसका पता भी लगाए। इलैक्ट्रानिकी विभाग इस विषय में एक कार्यदल भी गठित करे, जिसमें राजभाषा विभाग तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के प्रतिनिधि भी हों। यह कार्यदल इन दो मदों पर विचार-विमर्श करके एक वर्ष के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे, जिस पर इलैक्ट्रानिकी विभाग के कम्प्यूटर विकास प्रभाग का विशेष सैल कार्यान्वयन के लिए प्रभावी कदम उठाए तथा राजभाषा विभाग से निरन्तर तालमेल रखे।

(10) समिति ने यह सिफारिश की है कि देवनागरी में कंप्यूटर प्रणालियों के लिए हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर का निर्माण और विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। ऐसा सोफ्टवेयर तैयार किया जाए जिससे केवल देवनागरी में प्रोग्रैमिंग किया जा सके।

समिति की यह सिफारिश मान ली गई है। इलैक्ट्रानिकी विभाग इस बात को सुनिश्चित करे कि देवनागरी कम्प्यूटर प्रणाली के लिए हार्डवेयर तथा सोफ्टवेयर का विकास और निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे केवल देवनागरी में भी डाटा प्रोसेसिंग की जा सके। इलैक्ट्रानिकी विभाग द्वारा प्रस्तावित भारतीय भाषाओं के लिए टैक्नालाजी विकास मिशन की योजना शीघ्र कार्यान्वित की जाए और यह कार्य एक निर्धारित समय-सीमा में सम्पन्न किया जाए।

(11) समिति ने यह सिफारिश की है कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कम्प्यूटर साक्षरता कार्यक्रम (क्लास) में हिन्दी माध्यम से प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए स्कूलों में कम्प्यूटर के माध्यम से हिन्दी तथा हिन्दी के माध्यम से अन्य विषयों की शिक्षा के बारे में आवश्यक सोफ्टवेयर का विकास भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। इस कार्यक्रम के संबंध में प्रचार सामग्री तथा परिचय पुस्तिकाएं हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएं। इस कार्यक्रम में लगाए गए सभी कंप्यूटरों पर हिन्दी के सोफ्टवेयर का प्रयोग करना चाहिए।

समिति की सिफारिश मान ली गई है इसके कार्यान्वयन के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय का शिक्षा विभाग समयबद्ध योजना के अनुसार काम करे।

(12) हिन्दी एक ध्वन्यात्मक भाषा है। अन्य भारतीय भाषाओं की भी यही विशेषता है। इसलिए समिति की यह सिफारिश है कि ऐसी प्रौद्योगिकी का विकास और निर्माण किया जाए जिससे कम्प्यूटर द्वारा बोलने पर ही संदेश रिकार्ड कर लिया जाए अर्थात् कम्प्यूटर में 'इनपुट' के लिए देवनागरी अथवा रोमन लिपि के कीबोर्ड पर टाइप करने की आवश्यकता न हो और केवल मौखिक उच्चारण से ही उसमें अपेक्षित सामग्री भरी जा सकती हो। इसके लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग को आवश्यक कदम उठाने चाहिए और शोध कार्य करना चाहिए।

समिति की यह सिफारिश स्वीकार कर ली गई है और इसके कार्यान्वयन के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग एक समयबद्ध योजना बनाए जिसमें मौखिक उच्चारण द्वारा हिन्दी में निर्देश कंप्यूटर में डालने के लिए अनुसंधान आदि किया जाए।

(13) समिति ने यह सिफारिश की है कि या तो लाइन प्रिंटर के स्थान पर आधुनिकतम लेजर प्रिंटर लगा दिए जाएं जिनमें देवनागरी मुद्रण संभव है अथवा देवनागरी के लाइन प्रिंटर का विकास करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

देवनागरी में उच्चगति के लाइन प्रिंटरों को देश में शीघ्र उपलब्ध करवाने के विषय में समिति की सिफारिश मान ली गई है तथा इलैक्ट्रानिकी विभाग इस विषय में शोध कार्य, विकास तथा निर्माण को बढ़ावा दे। इलैक्ट्रानिकी विभाग इस विषय में राजभाषा विभाग को समय-समय पर अवगत कराए तथा राजभाषा विभाग इलैक्ट्रानिकी विभाग से प्राप्त सूचना तकनीकों तथा अन्य संस्थाओं को उपलब्ध कराये, ताकि विभिन्न संस्थान हिन्दी माध्यम से काम करने की क्षमता वाले अद्यतन प्रिंटर आदि अपने यहां लगवा सकें।

(14) समिति ने यह सिफारिश की है कि कम्प्यूटरों का प्रचुर मात्रा में उपयोग करने वाले कार्यालय जैसे बैंक, रेलें, एयरलाइन्स, रक्षा संगठन आदि यह सुनिश्चित करें कि उनके अपनी-अपनी आवश्यकताओं के अनुसार हिन्दी में सोफ्टवेयर का विकास तथा निर्माण क्षमता के आधार पर किया जाए।

समिति की यह सिफारिश मान ली गई है। राजभाषा विभाग इस विषय में इलैक्ट्रानिकी विभाग से अद्यतन जानकारी प्राप्त करके सभी सरकारी कार्यालयों तथा संस्थाओं को इस विषय में अवगत कराने तथा उनमें साफ्टवेयर विकास की समयबद्ध योजना बनाने के निर्देश दे।

(15) कम्प्यूटरों में देवनागरी टर्मिनल लगाए जाने के संबंध में समिति ने सिफारिश की है कि

(क) जिन कंप्यूटरों में केवल रोमन में कार्य करने की सुविधा है वहां देवनागरी टर्मिनल भी तत्काल लगाए जाने चाहिएं।

समिति की यह सिफारिश मान ली गई है। कम्प्यूटरों में 'जिस्ट' टर्मिनल या कार्ड लगाए जाने के विषय में राजभाषा विभाग अद्यतन तकनीक के बारे में सभी सरकारी कार्यालयों को सूचित करे तथा उनसे वर्तमान रोमन कम्प्यूटरों में जिस्ट प्रणाली या कार्ड आदि लगाने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करे।

(ख) जिन विभागों में ऐसे पुराने कंप्यूटर हैं जिनमें तकनीकी कारणों से द्विभाषी सुविधा प्रदान नहीं की जा सकती उन्हें नवीनतम द्विभाषी कम्प्यूटरों में बदलना ही लागत की दृष्टि से अधिक लाभकारी होगा।

समिति की यह सिफारिश मान ली गई है। राजभाषा विभाग द्वारा इस सिफारिश को सभी सरकारी कार्यालयों के ध्यान में लाया जाए और उन्हें इसे कार्यान्वित करने के लिए कहा जाए।

(16) समिति ने यह सिफारिश की है कि

(क) इलैक्ट्रानिकी विभाग को केवल ऐसे कम्प्यूटरों की व्यवस्था के लिए स्वीकृति प्रदान करनी चाहिए जिन पर हिन्दी में प्रोसेसिंग और प्रिंटिंग की सुविधा हो।

समिति की सिफारिश मान ली गई है इसके कार्यान्वयन के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग विचार करे तथा आवश्यक कार्रवाई करे ।

(ख) इलैक्ट्रानिकी विभाग को यह भी देखना चाहिए कि उन्होंने अन्य विभागों को जो कंप्यूटर उपलब्ध कराए हैं उनमें देवनागरी टर्मिनल उपलब्ध हैं या नहीं । जहां-जहां ऐसे टर्मिनल नहीं लगाए गए हैं वहां देवनागरी टर्मिनल जोड़ने और हिन्दी मुद्रण की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (योजना आयोग) समिति की इस सिफारिश को कार्यान्वित करे ताकि उनके द्वारा अन्य विभागों को उपलब्ध कराये गये कंप्यूटरों में देवनागरी टर्मिनल जोडने और हिन्दी मुद्रण की व्यवस्था की जाए ।

(ग) इलैक्ट्रानिकी विभाग को कंप्यूटर से संबंधित पुस्तकें भी मूल रूप से हिन्दी में प्रकाशित करा के उन सभी विभागों/कार्यालयों को भेजी जानी चाहिए जहां उनके द्वारा कंप्यूटर लगाए गए हैं ।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र इलैक्ट्रानिकी विभाग से सम्पर्क स्थापित करे तथा समिति की इस सिफारिश को कार्यान्वित करे ताकि कंप्यूटरों से संबंधित पुस्तकें मूल रूप में हिन्दी में प्रकाशित करा कर उन सभी विभागों/मंत्रालयों आदि को भेजी जा सके जहां उनके द्वारा कंप्यूटर लगाए गए हैं ।

(17) समिति ने यह सिफारिश की है कि तकनीकी प्रकार के अथवा सरल प्रकार के अनुवाद कार्य के लिए कंप्यूटर का प्रयोग करने की कोशिश की जानी चाहिए ।

समिति की सिफारिश मान ली गई है। इसके कार्यान्वयन के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग कंप्यूटर द्वारा अंग्रेजी तथा अन्य विदेशी भाषाओं से हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद संबंधी प्रोजेक्ट बनाकर शीघ्रातिशीघ्र प्रारम्भ करे ।

(18) समिति ने यह सिफारिश की है कि एक व्यावहारिक कंप्यूटर शब्दावली तैयार की जानी चाहिए जो छोटे आकार की हो और जिसकी कीमत काफी कम हो । इसके अतिरिक्त इसका समय-समय पर पुनर्मूल्यांकन भी किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में निरन्तर हो रहे अनुसंधान के कारण जो शब्द प्रचलित हों वे भी इसमें जोड़े जा सकें ।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने व्यावहारिक कंप्यूटर शब्दावली तैयार कर ली है और इस विषय पर पुस्तक छप भी चुकी है । अतः समिति की यह सिफारिश कार्यान्वित की जा चुकी है। तथापि समिति की इस सिफारिश के दूसरे हिस्से पर वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग भविष्य में यथा समय कार्रवाई करे ।

(19) समिति ने यह सिफारिश की है कि शब्द-संसाधक और इलैक्ट्रानिकी टाइपराइटरों के कंजीपटलों पर देवनागरी वर्ण भी उत्कीर्ण किए जाने चाहिएं । आदेश देने की कंजियों पर भी देवनागरी में आदेश उत्कीर्ण करने के बारे में निर्माता फर्मों को आदेश दिए जाने चाहिए ।

इस सिफारिश पर उद्योग मंत्रालय आवश्यक कार्रवाई करे तथा राजभाषा विभाग स्वयं भी कंप्यूटरों के कंजीपटल आदि बनाने वाली कंपनियों को इस विषय में लिखे । इसके अतिरिक्त राजभाषा विभाग सभी विभागों को यह निर्देश दे कि वे केवल वही कंप्यूटर आदि खरीदें, जिनके कंजीपटल पर सभी आदेश द्विभाषी रूप में उत्कीर्ण किए गए हों ।

(20) केवल द्विभाषी उपकरण लगाए जाने के संबंध में समिति ने सिफारिश की है कि

(क) सभी कार्यालय तथा उपक्रम केवल रोमन के कम्प्यूटर शब्द-संसाधक, टेलीप्रिंटर आदि न खरीद कर देवनागरी में कार्य करने की सुविधा वाले उपकरण ही स्थापित करें।

सरकारी कार्यालयों में केवल ऐसे कम्प्यूटर, शब्द-संसाधक टेलीप्रिंटर आदि स्थापित किए जाएं, जिनमें देवनागरी में कार्य करने की सुविधाएं उपलब्ध हों, इस प्रकार के आदेश पहले ही दिनांक 30 मई, 1985 को जारी कर दिए गए थे। इन आदेशों की पुनरावृत्ति की जाए ।

(ख) कम्प्यूटर, शब्द-संसाधक आदि की खरीद के लिए जांच बिंदु इलैक्ट्रानिकी विभाग को बनाया जाए।

समिति की सिफारिश इस संशोधन के साथ मान ली गई है कि कम्प्यूटर तथा शब्द संसाधक आदि की खरीद के लिए जांच बिंदु प्रत्येक विभाग का प्रशासन प्रभाग तथा इसमें किसी प्रकार की छूट देने के लिए जांच बिंदु राजभाषा विभाग रहेगा ।

(ग) टैलेक्स/टेलिप्रिंटर की खरीद के विषय में जांच बिंदु दूरसंचार विभाग को बनाया जाए।

समिति की सिफारिश स्वीकार कर ली गई है दूरसंचार विभाग इस विषय में आवश्यक कार्रवाई करे।

(21) समिति ने यह सिफारिश की है कि विभिन्न सरकारी विभागों में किए जाने वाले एक ही प्रकार के कार्य जैसे वेतन बिल आदि हिन्दी में बनाने के लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग द्वारा आवश्यक सोफ्टवेयर तैयार किया जाना चाहिए जिससे कम्प्यूटर द्वारा हिन्दी में कार्य करने के लिए सभी विभागों को सुविधा हो।

समिति की सिफारिश मान ली गई है इसके लिए इलैक्ट्रानिकी विभाग तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र आवश्यक कार्रवाई करें।

(22) समिति ने यह सिफारिश की है कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे कि द्विभाषी रूप में कार्य कर सकने वाले उपकरण जिनमें कम्प्यूटर आदि शामिल हैं, सस्ते उपलब्ध हो सकें और किसी भी दशा में उनका मूल्य केवल रोमन में कार्य कर सकने वाली मशीनों से अधिक न हो।

समिति की सिफारिश मान ली गई है इलैक्ट्रानिकी विभाग इस विषय में उत्पाद शुल्क आदि में रियायत करवा कर ऐसी व्यवस्था करे कि द्विभाषी कम्प्यूटरों आदि का मूल्य किसी भी हालत में केवल रोमन में कार्य कर सकने वाली मशीनों से अधिक न हो।

(23) समिति ने यह सिफारिश की है कि राजभाषा विभाग का इस प्रकार से पुनर्गठन किया जाए जिससे कि राजभाषा नीति के सुचारू अनुपालन के लिए किसी प्रकार की कठिनाई न हो। राजभाषा विभाग को पूरी तरह सशक्त और साधन संपन्न बनाया जाए।

समिति की सिफारिश मान ली गई है।

(24) समिति ने यह सिफारिश की है कि तार भेजने के लिए देवनागरी सोफ्टवेयर का निर्माण इलैक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इण्डिया लि. हैदराबाद द्वारा करवा किया जाए ताकि इसके अभाव में देवनागरी तार भेजने में कोई कठिनाई न हो।

यह सिफारिश मान ली गई है। दूरसंचार विभाग इसके कार्यान्वयन के लिए तुरन्त कार्रवाई करे।

(25) समिति ने यह सिफारिश की है कि चूंकि तार भी पत्राचार का ही एक रूप है इसलिए राजभाषा नियमों में किए गए प्रावधान के अनुसार 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों तथा राज्य सरकारों और उनके कार्यालयों तथा अन्य व्यक्तियों आदि को तथा 'ग' क्षेत्र में स्थित अधिसूचित कार्यालयों को सभी सरकारी तार केवल देवनागरी में ही भेजे जाएं।

समिति की सिफारिश इस संशोधन के साथ मान ली गई है कि जहां-जहां देवनागरी में तार भेजने की सुविधा उपलब्ध है, वहां स्थित कार्यालयों से सभी तार राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप हिन्दी में ही भिजवाए जाएं।

(26) समिति ने यह सिफारिश की है कि कम्प्यूटरों के देवनागरी कुंजीपटल का मानकीकरण 1987 के अंत तक संपन्न कर लिया जाना चाहिए।

समिति की सिफारिश पहले ही कार्यान्वित की जा चुकी है।

(27) प्रोत्साहनों के संबंध में समिति ने सिफारिश की है कि :—

(क) अंग्रेजी टाइपिंग और आशुलिपि जानने वालों को हिन्दी टाइपिंग और आशुलिपि सीखने पर और रोमन के साथ-साथ हिन्दी टाइपिंग और आशुलिपि का कार्य करने पर विशेष प्रोत्साहन क्रमशः 20/- रु. एवं 30/- रु. प्रतिमास दिया जाता है जो कि अत्यंत न्यून और अनाकर्षक है, इसे बढ़ाकर क्रमशः 100/- रु. और 200/- रु. कर दिया जाना चाहिए।

(ख) टेलीप्रिंटर तथा कम्प्यूटर प्रचालकों को भी दोनों भाषाओं में काम करने के लिए कुछ विशेष प्रोत्साहन भत्ता दिया जाना चाहिए और यह विशेष प्रोत्साहन कुछ समयावधि यथा पांच वर्ष तक ही दिया जाना चाहिए ताकि इस दौरान कर्मचारी को दोनों भाषाओं में काम करने का अनुभव प्राप्त हो जाए।

रोमन के साथ-साथ हिन्दी टाइपिंग और आशुलिपि का कार्य करने पर विशेष प्रोत्साहन क्रमशः 20/- रु. एवं 30/- से बढ़ाकर 40/- रु. और 60/- रु. कर दिया गया है। इस आशय के आदेश 16-7-1987 को जारी किए गए थे। राजभाषा विभाग, समिति की इस सिफारिश के अनुरूप, प्रोत्साहन की राशि बढ़ाने का मामला पुनः वित्त मंत्रालय को भेजे तथा कम्प्यूटर और टैलेक्स आपरेटरों को भी इस आदेश की परिधि में लाया जाए। समिति की इस सिफारिश पर कि इस प्रकार का प्रोत्साहन कुछ समयावधि, यथा पांच वर्ष तक ही दिया जाना चाहिए, पांच वर्ष के पश्चात् पुनः विचार किया जाए।

(28) समिति ने यह सिफारिश की है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत सरकार को सभी प्रकाशन द्विभाषी रूप में साथ-साथ ही निकाले जाएं, यह आवश्यक है कि सभी सरकारी मुद्रणालयों में हिन्दी तथा अंग्रेजी के मुद्रण कार्य की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध हो और हिन्दी के मुद्रण कार्य का स्तर अंग्रेजी के मुद्रण कार्य से किसी भी प्रकार से कम न हो। यह भी आवश्यक है कि मुद्रण कार्य में लगे हुए अधिकारियों और कर्मचारियों जैसे—कम्पोजिटरों, प्रूफरीडरों आदि को हिन्दी भाषा में कार्य करने का अपेक्षित प्रशिक्षण अथवा अनुभव प्राप्त ।

समिति की यह सिफारिश मान ली गई है मुद्रण निदेशालय इस विषय में अपेक्षित कार्रवाई करे।

(29) राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक निश्चित प्रतिशत को देवनागरी टाइपराइटर खरीदने और प्रत्येक कार्यालय में कम से कम एक देवनागरी टाइपराइटर उपलब्ध कराने तथा हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों पर कार्य करने में सक्षम इलैक्ट्रानिक यंत्रों/उपकरणों आदि की खरीद के बारे में आदेश जारी किए गए हैं। किन्तु विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों तथा उपक्रमों आदि द्वारा समुचित अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया है जिससे कि राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग की गति अवरुद्ध हुई है और अंग्रेजी के प्रयोग को बढ़ावा मिला है। इस संबंध में समिति ने यह सिफारिश की है कि राजभाषा नियमों के नियम 12 के अनुसार जिन विभागाध्यक्षों ने इस संबंध में राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों का समुचित रूप से अनुपालन नहीं किया है उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

समिति की सिफारिश मान ली गई है इसके कार्यान्वयन के लिए राजभाषा विभाग द्वारा सभी कार्यालयों का ध्यान समिति की सिफारिश की ओर दिलाया जाए तथा राजभाषा विभाग द्वारा इस बारे में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा जाए।

(30) समिति ने यह सिफारिश की है कि 'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में जहां द्विभाषी यंत्र लगाए जाएं वहां उन यंत्रों का राजभाषा संबंधी नियमों के अनुसार मुख्यतः हिन्दी में कार्य करने के लिए ही प्रयोग किया जाए। इसके लिए मजबूत और कारगर जांच बिंदु बनाए जाएं तथा इनका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान किया जाए।

'क' तथा 'ख' क्षेत्रों में जहां द्विभाषी यंत्र लगाए जाएं वहां उन यंत्रों का राजभाषा संबंधी नियमों के अनुसार मुख्यतः हिन्दी में कार्य करने के लिए ही प्रयोग करने, इसके लिए मजबूत और कारगर जांच बिंदु बनाए जाने तथा इनका उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रावधान किए जाने के बारे में समिति की सिफारिश मान ली गई है तथा इस विषय में राजभाषा विभाग निर्देश जारी करे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों, राष्ट्रपति सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, योजना आयोग, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, लोकसभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण के सूचनार्थ भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

निधि कान्त महाजन, संयुक्त सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 मार्च 1990

सं. एफ. 9-17/84-यू-3—विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) की धारा-3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा आयोग की सलाह पर यह घोषणा करती है कि दक्कन स्नातकोत्तर कालेज और अनुसंधान संस्थान, पुणे को पूर्वोक्त अधिनियम के उद्देश्य के लिए विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्था समझा जाएगा।

दिनांक 12 मार्च 1990

सं. 30-4/89-यू.3—भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के नियमों के नियम 13 के साथ पठित नियम में शामिल प्रावधानों के अनुसार, भारत सरकार ने प्रो. इरफान हबीब, अध्यक्ष, उच्च अध्ययन केन्द्र, इतिहास विभाग अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ को तत्काल से तीन वर्ष की अवधि के लिए भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद् के अध्यक्ष के रूप में पुनः नियुक्त किया है।

आदेश

आदेश है कि संकल्प की एक प्रतिलिपि निदेशक, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्, 35 फिरोजशाह रोड़, नई दिल्ली को भेजी जाए।

यह भी आदेश है कि संकल्प सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

एस. जी. मांकड, संयुक्त सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 मार्च 1990

संकल्प

सं. 604/2/89-एन. पी.-1/आर. एन. आई./जे. एस. (पी)—इस मंत्रालय के दिनांक 2 जून 1989 के संकल्प संख्या 604/2/89-एन. पी.-1/आर. एन. आई/जे. एस. (पी) के अनुक्रम में, निम्नलिखित गैर सरकारी सदस्यों को एतद्द्वारा दिनांक 1-4-1990 से एक वर्ष के लिए अखबारी कागज कीमत निर्धारण सलाहकार समिति का सदस्य नियुक्त किया जाता है :—

गैर-सरकार सदस्य

1. श्री महेन्द्र मोहन गुप्त—भारतीय समाचार पत्र सोसायटी के नामिती
2. श्री अरूण पुरी—भारतीय समाचार पत्र सोसायटी के नामिती
3. श्री किरन आर. सेठ—भारती भाषा समाचार पत्र परिसंघ के नामिती
4. श्री राजेन्द्र शर्मा—भारती भाषा समाचार पत्र परिसंघ के नामिती
5. श्री हरभजन सिंह—अखिल भारतीय लघु और मझौले समाचार पत्र परिसंघ के नामिती

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित की जाए।

इमत्याज अहमद खान, संयुक्त सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 6th April 1990

No. 25-Pres/90.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officer of Central Reserve Police Force :—

Name and rank of the Officer

Shri Ranjit Singh,
Inspector No. 620140276,
41, Battalion,
Central Reserve Police Force.

Statement of Services for which the decoration has been awarded :

On the 11th December, 1988, the Superintendent of Police (Operations), Tarn Taran received information that some terrorists are taking shelter in one of the farm houses in village Talwandi Shoba Singh, Police Station Patti. A search and raid of the suspected hide-out was planned in the early hours of the 12th December, 1988. The Superintendent of Police (Operations) collected one platoon of 'C' Company and two sections of 'B' Company of 41 Battalion, Central Reserve Police Force, alongwith the local police. The two sections were led by Inspector Ranjit Singh and the Platoon of 'C' Company was led by another Inspector.

The party first searched the farm house of Shri Jagir Singh but found nothing. Then they proceeded to the farm house of Shri Gurbachan Singh, which has two built-up rooms with semi-pucca roof and the entire complex surrounded by a mud wall. As the party approached the farm house, one person was seen running towards residential rooms from the tubewell inside the farm house, who alerted the terrorists. The terrorists opened fire with AK-47 Rifles on the police party. Shri Ranjit Singh directed one Lance Naik to site his LMG on the east side of the farm house to counter the escape of terrorists into the adjoining sugarcane fields. He deployed another Constable to cover the door of the rooms with constant fire so that the terrorists could not come out of the rooms. Shri Ranjit Singh deployed his men with utmost speed displaying courage without caring for his personal safety.

The firing was stopped for some time, so that the innocent members of the house may not be killed in the firing. The members of the house were asked to come out and surrender. Two men, two women and three children of the family, came out of the house. On interrogation they told that there are two well-armed terrorists, are in the rooms. One terrorist, pretending to be grandson of Banta Singh, also came out. On interrogation he confessed that he was terrorist Kikkar Singh.

Firing continued from both sides, but the fire proved ineffective as the terrorists were entrenched inside the rooms. Shri Ranjit Singh climbed on the roof and lobbed one Grenade through one of the doors of the house. The terrorists opened heavy fire on Shri Ranjit Singh. Without caring for his personal safety, he lobbed another Grenade through the other door. Thereafter, the terrorists closed both the doors.

Shri Ranjit Singh, promptly reacted to the new strategy of the terrorists and made a hole in the roof and successfully lobbed Greanades inside. But after sometime the terrorists again started firing. It was learnt that both the rooms are internally connected with a door. When greanades were fired in one room the terrorists shifted to the other room and vice-versa. Shri Ranjit Singh ordered one Head Constable to climb the roof and made a hole in the second room also. Now Shri Ranjit Singh and the Head Constable manned both the holes and lobbed grenades simultaneously with intervals so as to trap the hiding terrorists in any of the rooms. After sometime the firing stopped from inside the rooms. Under covering fire Shri Ranjit Singh alongwith SHO, Valtoha crawled along the boundary wall and managed to peep through the window and noticed no movement inside the rooms. Shri Ranjit Singh desplayed extraordinary courage and leaped into the room and sprayed bullets from his stengun to kill the terrorists, who might be pretending to be dead. He was followed by SHO, Valtoha. Similarly they scanned the other room and found both the terrorists dead. Both the terrorists were later identified as Rattan Singh and Santok Singh alias Rekhi of Amritsar.

In this encounter, Shri Ranjit Singh, Inspector of Police, displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

This award is made for gallantry under rule 4(i) of the rules governing the award of the Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under rule 5, with effect from the 12th December, 1988.

No. 26-Pres/90.—The President is pleased to award the Police Medal for gallantry to the undermentioned officers of the Central Reserve Police Force :—

Names and rank of the Officers

Shri Chander Pal Singh,
Lance Naik No. 710510873,
65 Battalion,
Central Reserve Police Force.

Shri Saudan Singh,
Constable No. 800652925,
65 Battalion,
Central Reserve Police Force.

Shri L. B. Swamy,
Constable No. 850800087,
65 Battalion,
Central Reserve Police Force.

Statement of services for which the decoration has been awarded :

